सूर्योदय - 06:46
सूर्यास्त - 05:27

अधिकतम तापमान 27.1°
न्यूनतम तापमान 12.1°

ओपन सर्च

हिन्दी दैनिक

RNI No. HARHIN/2023/86132

खबरें और विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

Mob. : 8826637033
opensearchnews@gmail.com

E-mail | satbeerbhardwaj925@gmail.com Facebook | https://www.facebook.com/opensearch.co.in Website | www.opensearch.co.in

वर्ष : 04 अंक : 112 गुरुग्राम (हरियाणा), 'मंगलवार 24 नवंबर 2026 हरियाणा, नई दिल्ली, बिहार से प्रकाशित ₹ मूल्य : 01 रुपए | पृष्ट : 08

पंचायतों और नगर निकायों के अधिकारों के हस्तांतरण, वित्तीय स्थिरता व प्रभावी सेवा वितरण पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया शुभारंभ

पंचायतों और नगर निकायों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आय के नए स्रोत विकसित करने पर करें मंथन : मुख्यमंत्री

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



मुख्यमंत्री ने कहा, गांव विकास की अंतिम कड़ी नहीं, बल्कि विकास का केंद्र

मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान के 73वें और 74वें संशोधन के माध्यम से पंचायतों एवं नगर निकायों को संवैधानिक दर्जा दिया गया था, लेकिन अब इन्हें वास्तविक रूप से सशक्त स्थानीय सरकार के रूप में विकसित करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के ग्राम स्वराज के सपने को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्तमान आवश्यकताओं से जोड़ने का काम किया है। गांव विकास की अंतिम कड़ी नहीं, बल्कि विकास का केंद्र है। उन्होंने कहा कि ग्राम सभा की प्राथमिकताएं ही पंचायतों की कार्ययोजना का आधार बननी चाहिए। सरपंच और पार्षद लोकतंत्र की जमीनी ताकत हैं, क्योंकि वे सीधे जनता से जुड़े होते हैं और लोगों की समस्याओं को सबसे पहले समझते हैं।

गुरुग्राम। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विकसित भारत-2047 की परिकल्पना तभी साकार होगी, जब देश का हर गांव और शहर का हर वार्ड आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनेगा। पंचायतों और नगर निकायों को केवल सरकारी बजट पर निर्भर रहने के बजाय अपनी आय के नए स्रोत विकसित करने होंगे। इसके लिए स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग, वित्तीय प्रबंधन और जनभागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्थानीय सरकारों को अधिकार, क्षमता और अपने वित्तीय संसाधनों के आधार पर आत्मनिर्भर बनाना ही इस राष्ट्रीय सम्मेलन का मूल उद्देश्य है।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी सोमवार को गुरुग्राम के सेक्टर-51 स्थित गुरुग्राम विश्वविद्यालय में स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान (एसजेएचआईएफएम) की ओर से आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन के शुभारंभ सत्र को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर सम्मेलन का शुभारंभ किया। पंचायतों एवं नगर निकायों को अधिकारों का हस्तांतरण, वित्तीय स्थिरता तथा प्रभावी सेवा वितरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आयोजित इस सम्मेलन में केंद्रीय ऊर्जा एवं आवासन तथा शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार तथा शहरी स्थानीय निकाय मंत्री श्री विपुल गोयल, स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान (एसजेएचआईएफएम) महानिदेशक डॉ राज नेहरू भी मौजूद रहे।

पढ़ी-लिखी पंचायतें, महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण और लाल डोरा मुक्त अभियान से हुए सुधार: मुख्यमंत्री ने हरियाणा में वर्ष 2014 से पंचायतों को सशक्त बनाने के लिए किए गए सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2015 में पढ़ी-लिखी पंचायतों की व्यवस्था लागू की गई और वर्ष 2020 में पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। इसी प्रकार लाल डोरा मुक्त अभियान के माध्यम से ग्रामीणों को उनकी संपत्तियों का मालिकाना हक दिलाया गया, जिसे बाद में केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना के रूप में पूरे देश में लागू किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में किए गए सुधारों का उद्देश्य पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाना और ग्रामीणों को उनके अधिकारों से जोड़ना रहा है।

कचरे की तारों से कैनवास पर उकेर रहे कला के अनूठे रंग, बेकार सामग्री को दे रहे रचनात्मक पहचान

अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले में हरियाणा पवेलियन में लोगों को भा रही फरीदाबाद के कलाकार उदित नारायण बैसला की कलाकृतियां

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। कला की कोई सीमा नहीं होती और न ही उसके सृजन के लिए पारंपरिक साधनों की अनिवार्यता है। जरूरत होती है तो बस एक रचनात्मक दृष्टि की, जो बेकार समझी जाने वाली वस्तुओं में भी खूबसूरती तलाश ले।

फरीदाबाद के कलाकार उदित नारायण बैसला इसी सोच को अपनी कला के माध्यम से साकार कर रहे हैं। वे पुरानी तारों, प्लास्टिक और अन्य अनुपयोगी सामग्री से ऐसी कलाकृतियां तैयार करते हैं, जो देखने वालों को आश्चर्यचकित करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देती हैं। इन दिनों नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले के हरियाणा पवेलियन में उनकी कलाकृतियां आगंतुकों के विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं।

एक अनूठे विचार ने बदल दी कला की दिशा : उदित नारायण बैसला की इस अनूठी कला की शुरुआत एक सामान्य-सी घटना से हुई। एक दिन उन्होंने प्लास्टिक की तार को जलते हुए देखा। आग की लपटों में तार के बदलते आकार ने उनके मन में रचनात्मक विचार को जन्म दिया। उन्होंने सोचा कि यदि इस तार को अपनी कल्पनाशीलता से आकार दिया जाए, तो इससे आकर्षक कलाकृति बनाई जा सकती है। इसी सोच के तहत उन्होंने सबसे पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चश्मे की आकृति तैयार की। इस प्रयोग को मिली सराहना ने उनके आत्मविश्वास को नई उड़ान दी और उन्होंने अनुपयोगी सामग्री को कला का माध्यम बनाने को ही अपनी पहचान बना लिया।

बिना रंग और ब्रश के जीवंत कलाकृतियां : उनकी कला की विशिष्टता यह है कि इसमें न रंगों की जरूरत पड़ती है और न ही ब्रश की। पुरानी तारों को मोड़कर, जोड़कर और प्लास्टिक के विभिन्न टुकड़ों को कलात्मक ढंग से संयोजित कर वे महापुरुषों के चित्र, चेहरे के भाव और विभिन्न दृश्य उकेरते हैं। उनकी कलाकृतियों में तारों की बनावट, आकृतियों की बारीकी और सामग्री का अनूठा संयोजन देखते ही बनता है। प्रत्येक रचना को तैयार करने में धैर्य, एकाग्रता और विशेष कौशल की आवश्यकता होती है।

हरियाणा में महिला अधिवक्ताओं के लिए बार रूम में होगी अलग शौचालयों की व्यवस्था

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने दिए निर्देश-उपायुक्त सात दिन में जिलावार स्थिति रिपोर्ट और समयबद्ध कार्ययोजना प्रस्तुत करें

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। हरियाणा सरकार महिला अधिवक्ताओं को बार रूम में सुरक्षित और सम्मानजनक माहौल तथा मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी दिशा में मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी ने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने जिलों में बार रूम में महिला अधिवक्ताओं के लिए अलग शौचालयों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। साथ ही, इस संबंध में सात दिन के भीतर जिलावार स्थिति रिपोर्ट और समयबद्ध कार्ययोजना प्रस्तुत करें।

मुख्य सचिव आज यहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी उपायुक्तों के साथ बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में यह आकलन किया जाए कि बार रूम में महिला अधिवक्ताओं के लिए अलग शौचालय की सुविधा उपलब्ध है या नहीं। जिन स्थानों पर यह सुविधा नहीं है, वहां इसके निर्माण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए संबंधित बार एसोसिएशनों के साथ समन्वय स्थापित किया जाए तथा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए ठोस और समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाए। ये निर्देश बार रूम में महिला अधिवक्ताओं के लिए सुविधाओं से संबंधित सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के मद्देनजर जारी किए गए हैं।

स्थानीय निकाय और पंचायतें जितनी मजबूत होंगी, जनता की अपेक्षाएं उतनी ही बेहतर ढंग से पूरी होंगी : श्री मनोहर लाल

केंद्रीय ऊर्जा एवं आवासन तथा शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा, पंचायतों तथा स्थानीय निकाय की जमीन और संपत्तियों का बेहतर उपयोग कर बढ़ाएं आय

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



पंचायतों की जमीन और संपत्तियों का बेहतर उपयोग कर बढ़ाएं आय

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पंचायतों के पास उपलब्ध जमीन, भवन और तालाब आय के महत्वपूर्ण स्रोत बन सकते हैं। पंचायत की जमीन को पारदर्शी तरीके से उचित दरों पर ठेके पर देने, तालाबों में मछली पालन, किराये के भवन और मार्केट विकसित करने से नियमित आमदनी हो सकती है। उन्होंने कहा कि पंचायतों के पास एफडी के रूप में जमा धनराशि को निष्क्रिय रखने के बजाय ऐसी संपत्तियां विकसित करने पर विचार करना चाहिए, जिनसे लंबे समय तक आय प्राप्त हो। उन्होंने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से आह्वान किया कि वे स्थानीय संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए पंचायतों और नगर निकायों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम करें।

गुरुग्राम। केंद्रीय ऊर्जा एवं आवासन तथा शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल ने कहा कि स्थानीय निकाय और पंचायतें जितनी मजबूत होंगी, जनता की अपेक्षाएं उतनी ही बेहतर ढंग से पूरी होंगी। गांव में सरपंच और शहर में पार्षद, मेयर एवं चेयरमैन सीधे जनता से जुड़े होते हैं और लोगों की छोटी-बड़ी समस्याओं का समाधान करने की जिम्मेदारी उन्हीं की होती है। ऐसे में स्थानीय संस्थाओं को पर्याप्त वित्तीय संसाधन, अधिकार और कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पंचायतों और नगर निकायों को सरकारी अनुदान पर निर्भर रहने के साथ साथ अपनी आय के स्रोत भी विकसित करने चाहिए।

श्री मनोहर लाल सोमवार को गुरुग्राम के सेक्टर-51 स्थित गुरुग्राम विश्वविद्यालय में स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान की ओर से पंचायतों एवं नगर निकायों को अधिकारों का हस्तांतरण, वित्तीय स्थिरता तथा प्रभावी सेवा वितरण विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन का शुभारंभ हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यक्रम में हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री श्री विपुल गोयल तथा स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान (एसजेएचआईएफएम) महानिदेशक डॉ. राज नेहरू सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

गांवों की साझा संपत्तियों के संरक्षण के लिए महीने में एक दिन श्रमदान करें ग्रामीण : मनोहर लाल

केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने गांवों में सामूहिक श्रमदान की परंपरा को फिर से शुरू करने पर जोर देते हुए कहा कि प्रत्येक गांव में महीने में एक दिन निर्धारित किया जाना चाहिए, जब ग्रामीण एकत्रित होकर श्रमदान करें। ग्राम सभा पहले से तय करे कि उस दिन स्कूल की मरम्मत, दीवारों की पुताई, गलियों और फिरनी की सफाई, तालाबों की देखरेख तथा पौधरोपण जैसे कौन से कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि श्रमदान से गांव की साझा संपत्तियों का निर्माण और रखरखाव होगा तथा ग्रामीणों में अपनी संपत्ति के प्रति अपनापन और जिम्मेदारी का भाव भी मजबूत होगा।

गांवों की संपत्तियों की देखरेख के लिए बनाएं केयरटेकर व्यवस्था: श्री मनोहर लाल ने कहा कि गांवों में स्कूल, सामुदायिक भवन और अन्य सार्वजनिक संपत्तियों की नियमित देखरेख जरूरी है। इसके लिए प्रत्येक गांव में केयरटेकर की व्यवस्था होनी चाहिए। उन्होंने करनाल लोकसभा क्षेत्र का उदाहरण देते हुए बताया कि वहां 15 ग्राम केयरटेकर नियुक्त किए गए हैं और एक पोर्टल बनाया गया है।

हरियाणा में अधिकारी स्कूलों में जाकर लेंगे शैक्षणिक माहौल, आधारभूत सुविधाओं का जायजा

एसीआर में दर्ज होंगी स्कूल विजिट और निरीक्षण रिपोर्ट

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। हरियाणा में सरकारी स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता और कार्यप्रणाली में सुधार के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी ने निर्देश दिए हैं कि क्लास-I और II के अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) में उनके द्वारा गोद लिए गए स्कूलों, स्कूलों के दौरों और निरीक्षणों का विवरण दर्ज करने के लिए एक विशेष कॉलम जोड़ा जाए। इसके लिए अधिकारियों को चालू रिपोर्टिंग वर्ष से ही निर्धारित प्रारूप में आवश्यक बदलाव करने के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य सचिव आज यहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वरिष्ठ अधिकारियों और सभी उपायुक्तों के साथ 'स्कूल अडॉप्शन' पहल तथा मासिक स्कूल विजिट की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अधिकारियों द्वारा स्कूलों का दौरा केवल औपचारिक निरीक्षण तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उन्हें विद्यार्थियों और शिक्षकों से संवाद कर स्कूलों के शैक्षणिक वातावरण, उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं तथा संसाधनों के प्रभावी उपयोग का आकलन करना चाहिए।

श्री अनुराग रस्तोगी ने निर्देश दिए कि एसीआर में जोड़े जाने वाले विशेष कॉलम में अधिकारी द्वारा गोद लिए गए स्कूल का नाम, वहां किए गए दौरों की संख्या और निरीक्षण के दौरान की गई समीक्षा का विवरण दर्ज किया जाए। इसके अतिरिक्त, अधिकारियों को अपनी वार्षिक स्व-मूल्यांकन रिपोर्ट के साथ स्कूल निरीक्षण रिपोर्ट भी संलग्न करनी होगी। मुख्य सचिव ने इस संबंध में सभी प्रशासनिक सचिवों और विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने को कहा। श्री रस्तोगी ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य अधिकारियों की नियमित भागीदारी के माध्यम से सरकारी स्कूलों की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाना है। उन्होंने अधिकारियों को विद्यार्थियों और शिक्षकों से बातचीत करने, शिक्षण गतिविधियों की स्थिति समझने, उपलब्ध सुविधाओं के उपयोग की समीक्षा करने तथा सुधार की आवश्यकता वाले क्षेत्रों की पहचान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस पहल का अंतिम उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक स्कूल अपनी पूरी क्षमता के अनुरूप बेहतर ढंग से कार्य करे।

मुख्य सचिव ने यह भी निर्देश दिए कि स्कूलों का निरीक्षण निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार किया जाए और निरीक्षण के दौरान सामने आए तथ्यों एवं सुझावों को उचित रूप से दर्ज किया जाए, ताकि उन पर आगे आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बैठक में स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव श्री विजय दहिया ने बताया कि अधिकारियों से अपेक्षा है कि वे अपने द्वारा गोद लिए गए स्कूलों का साल में कम से कम तीन बार दौरा करें और निरीक्षण रिपोर्ट निर्धारित पोर्टल पर अपलोड करें।

बवानी खेड़ा में 50 बिस्तरीय सिविल अस्पताल तथा कुरुक्षेत्र में एलएनजेपी

रेवाड़ी में बनेगा 300 बिस्तर का नागरिक अस्पताल : स्वास्थ्य मंत्री आरती राव

ओपन सर्च/ब्यूरो



चंडीगढ़। हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य ढांचा को दिन प्रतिदिन मजबूत किया जा रहा है, इसी कड़ी में हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने सिविल अस्पताल रेवाड़ी के परिसर में 300 बिस्तर का नागरिक अस्पताल बनाने की स्वीकृति दे दी है, इसके भवन के निर्माण पर लगभग 34828.77 लाख रुपए की लागत आने का अनुमान है।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि रेवाड़ी और आसपास के जिलों में द्वितीयक और तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं के बढ़ते दबाव को देखते हुए वर्तमान सिविल अस्पताल के बुनियादी ढांचे को एक आधुनिक, व्यापक और उच्च-क्षमता वाले अस्पताल परिसर में अपग्रेड करने की आवश्यकता थी। इसी उद्देश्य से प्रस्तावित 300 बिस्तरों वाले इस नए अस्पताल ब्लॉक को 2 बेसमेंट, ग्राउंड फ्लोर तथा ऊपर 6 मंजिल भवन फ्रेम्ड आरसीसी संरचना के रूप में तैयार किया जाएगा। यह नया भवन भारतीय जन स्वास्थ्य मानकों (IPHS) के अनुरूप होगा, जिसमें अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक, क्लिनिकल, क्रिटिकल केयर और सर्जिकल सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर और सुलभ चिकित्सा सेवाएं मिल सकेंगी।

हिन्दी दैनिक **ओपन सर्च**

गुरुग्राम सर्च

गुरुग्राम (हरियाणा), मंगलवार, 24 नवंबर 2026
www.opensearch.co.in

तेज रफ्तार बस की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल



ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। आईएमटी मानेसर में तेज रफ्तार बस की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। हादसा को अंजाम देने के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। घायलों को लोगों ने ऑटो की मदद से अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने अज्ञात बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में उत्तर प्रदेश के कन्नौज निवासी दीपक सिंह ने बताया कि वह गुडग़ांव के भांगरौला में किराये पर रहता है और गुरुग्राम की एक कंपनी में काम करता है। 21 नवंबर को वह अपनी बाइक से दोस्त अभिषेक को टेंपो में बैठाने के लिए बस चौक की तरफ जा रहा था। दोपहर करीब एक बजे जब वह आईएमटी मानेसर के सेक्टर-7 पहुंचा तो तेज रफ्तार बस ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दीपक की कमर और उसके दोस्त अभिषेक के हाथ में चोट आई। आसपास मौजूद लोगों ने दोनों को ऑटो में बैठाकर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने अज्ञात बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मामले की जांच कर रहे हेड कांस्टेबल बलजीत सिंह ने कहा कि पुलिस फरार बस चालक और वाहन की पहचान करने में जुटी है। बस चालक को जल्द ही काबू कर लिया जाएगा।

22 दिन में 6,151 चालान, 1.23 करोड़ जुर्माना



ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम की सडक़ों पर तेज रफ्तार से वाहन दौड़ाने वालों पर यातायात पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। महज 22 दिनों में ओवरस्पीडिंग के 6,151 चालान काटकर 1 करोड़ 23 लाख 2 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

1 नवंबर से 22 नवंबर 2026 तक चली इस कार्रवाई में पुलिस ने प्रमुख सडक़ों, हाईवे और संवेदनशील स्थानों पर तेज रफ्तार वाहनों की निगरानी की। गुरुग्राम यातायात पुलिस केवल चालान काटने तक सीमित नहीं है। पिछले 22 दिनों में 50 से अधिक सडक़ सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। इनके माध्यम से वाहन चालकों को यातायात नियमों और तेज रफ्तार से होने वाले खतरों के प्रति जागरूक किया गया। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों से निर्धारित गति सीमा का पालन करने और जल्दबाजी में वाहन न चलाने की अपील की है।

साइबर ठगों पर गुरुग्राम पुलिस का बड़ा प्रहार, 21 दिन में 81 गिरफ्तार



ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। लोगों की मेहनत की कमाई लूटने वाले साइबर अपराधियों के खिलाफ गुरुग्राम पुलिस ने बड़ा अभियान चलाते हुए 21 दिनों में 81 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 1 से 21 नवंबर 2026 तक चली इस कार्रवाई में पुलिस ने कई राज्यों में फैले साइबर ठगी के नेटवर्क पर शिकंजा कसा है।

एसीपी साइबर क्राइम गौरव फोगाट के नेतृत्व में साइबर थाना पुलिस की टीमों ने तकनीकी साक्ष्यों और गहन जांच के आधार पर आरोपियों को दबोचा। जांच में सामने आया कि आरोपी इन्वेस्टमेंट और ट्रेडिंग फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, क्रेडिट कार्ड ठगी, फर्जी इंस्टाग्राम आईडी, एपीके फाइल, ओएलएक्स फ्रॉड, सेक्सटॉर्शन, टिकट बुकिंग और फर्जी नौकरी के नाम पर लोगों को अपना शिकार बनाते थे।

पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से 15 सीपीयू, 6 लैपटॉप, 17 मोबाइल फोन, 4 सिम कार्ड, एक मॉडम, एक राउटर, एक पेन ड्राइव और एक सिम बॉक्स बरामद किया है। इन उपकरणों के जरिए साइबर ठगी के नेटवर्क और अन्य संभावित कनेक्शनों की जांच की जा रही है।

गुरुग्राम के सभी सार्वजनिक स्थल और पार्क घोषित हुए नो स्मोकिंग जोन, धूम्रपान करने वालों पर लगेगा जुर्माना

निगमायुक्त डॉ. पंकज ने जारी किया आदेश, बाजारों, बस स्टैंड, पार्कों, ग्रीन बेल्ट, कार्यालयों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान एवं तंबाकू सेवन पर प्रतिबंध

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। गुरुग्राम शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और तंबाकू के धुएं से मुक्त बनाने की दिशा में नगर निगम गुरुग्राम ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। निगमायुक्त डॉ. पंकज ने नगर निगम गुरुग्राम की सीमा के अंतर्गत आने वाले सभी सार्वजनिक स्थलों और पार्कों को 'नो स्मोकिंग जोन' घोषित करने का आदेश जारी किया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

जारी आदेश के अनुसार, सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 (सीओटीपीए) तथा सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध नियम, 2008 के प्रावधानों के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान प्रतिबंधित है। इसी क्रम में नगर निगम ने शहर के सार्वजनिक स्थलों को नो स्मोकिंग जोन घोषित करते हुए धूम्रपान, तंबाकू सेवन और सिगरेट एवं बीड़ी के टुकड़े इधर-उधर फेंकने पर सख्ती बरतने का निर्णय लिया है। हालांकि नो स्मोकिंग जोन के आदेश लागू करना काफी मुश्किल है।

नियमों का उल्लंघन करने पर लगेगा जुर्माना

नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि नो स्मोकिंग जोन में धूम्रपान करने वालों पर सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 2003 की धारा 21 के तहत 200 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, सिगरेट एवं बीड़ी के टुकड़े इधर-उधर फेंकने तथा तंबाकू खाकर थूकने पर ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 और नगर निगम के उपनियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। किसी प्रतिष्ठान द्वारा बार-बार नियमों का उल्लंघन किए जाने पर हरियाणा नगर निगम अधिनियम, 1994 के तहत उसे उपद्रव के रूप में लेते हुए कार्रवाई की जाएगी।

15 दिनों में लगाए जाएंगे नो स्मोकिंग जोन के सूचना बोर्ड

निगमायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आदेशों की प्रभावी अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत नगर निगम के संयुक्त आयुक्तों तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी (स्वच्छता एवं बागवानी शाखा) को अपने-अपने क्षेत्रों और पार्कों में नियमों का पालन सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। साथ ही, संबंधित अधिकारियों को 15 दिनों के भीतर नो स्मोकिंग जोन के सूचना बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आम नागरिकों को प्रतिबंध की जानकारी मिल सके।

पॉलिथीन पर प्रतिबंध, फिर भी धड़ल्ले से की जा रही इस्तेमाल, फिर नो स्मोकिंग के आदेश कैसे होंगे प्रभावी?

गुरुग्राम नगर निगम क्षेत्र में नो स्मोकिंग जोन बनाना सराहनीय है। लेकिन वास्तव में इन आदेशों को लागू करना उतना ही मुश्किल है, जितना कि पॉलिथीन के प्रतिबंध को लागू करना। करीब ढाई साल से गुरुग्राम समेत देशभर में पॉलिथीन पर प्रतिबंध लगाया हुआ है। लेकिन आज में पॉलिथीन का धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहा है। बस, इतना जरुर है कि पॉलिथीन का भाव दो से तीन गुणा तक बढ़ा दिया गया है। प्रतिबंध के नाम पर केवल कुछ दुकानदारों के भारी-भरकम चालान किए जाते हैं।

इन सभी स्थानों पर लागू होगा नो स्मोकिंग जोन का नियम

निगमायुक्त द्वारा जारी आदेश में नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत बाजार, बस स्टॉप, बस स्टैंड, सार्वजनिक परिवहन के साधन, सभी पार्क, ग्रीन बेल्ट, खेल के मैदान और खुले सार्वजनिक स्थान, जिनका स्वामित्व, रखरखाव या प्रबंधन नगर निगम द्वारा किया जाता है। इनमें शेड, पार्कों में बने शेड और अन्य कवर किए गए ढांचे भी शामिल हैं। सभी कार्यालय, सामुदायिक केंद्र, पुस्तकालय, डिस्पेंसरी, पार्किंग स्थल और सार्वजनिक शौचालय परिसर आदि नो स्मोकिंग जोन में शामिल हैं। आदेश के अनुसार, इन स्थानों पर कोई भी व्यक्ति सिगरेट, बीड़ी, सिगार या किसी अन्य तंबाकू उत्पाद का सेवन नहीं कर सकेगा। इसके साथ ही सिगरेट एवं बीड़ी के टुकड़े फेंकने और तंबाकू खाकर थूकने पर भी प्रतिबंध रहेगा।



नवजात शिशु का शव मिलने से इलाके में सनसनी, कुत्ते नोच रहे थे शव, अज्ञात पर केस दर्ज

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। खेडक़ी दौला थाना क्षेत्र में काकरौला-भांगरौला चौक के पास सडक़ किनारे ग्रीन बेल्ट में एक नवजात शिशु का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव को कुत्ते नोच रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस को दी शिकायत में मनीष कुमार निवासी कृष्णा कॉलोनी, सेक्टर-10, गुरुग्राम ने बताया कि वह बीती सांय करीब 4 बजे अपनी गाड़ी से काकरौला-भांगरौला चौक से गुरुग्राम की तरफ जा रहा था। चौक से करीब 100 मीटर आगे सडक़ के बाईं ओर ग्रीन बेल्ट में उसे नवजात शिशु मृत अवस्था में पड़ा दिखाई दिया। मौके पर कुत्ते शव को नोच रहे थे। मनीष ने तुरंत 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। शिकायतकर्ता के अनुसार, नवजात शिशु लडक़ा था और किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसकी पहचान छिपाने के उद्देश्य से उसे सडक़ किनारे फेंका था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया। डॉ. कपिल के नेतृत्व में टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मौके पर शिकायतकर्ता के बयान दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

खेडक़ी दौला थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ बीएनएस की धारा 94 के तहत केस दर्ज कर लिया है।

मामले की जांच कर रहे एएसआई दिनेश कुमार ने कहा कि पुलिस नवजात को सडक़ किनारे फेंकने वाले व्यक्ति की पहचान करने और मामले से जुड़े तथ्यों का पता लगाने में जुटी है।

ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराने पर माजदा चालक की दर्दनाक मौत

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। डीएलएफ फेज-3 थाना एरिया में दिल्ली-गुरुग्राम हाईवे पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराने पर माजदा चालक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके पर वाहन छोडक़र फरार हो गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और फरार हुए चालक पर केस दर्ज कर लिया।

पुलिस को दी शिकायत में विश्वनाथ यादव ने बताया कि 22 नवंबर की सुबह करीब 5 बजे वह अपने बड़े भाई शिवनाथ के साथ दिल्ली के शाहदरा से गुरुग्राम के बिलासपुर जा रहे थे। स्वराज माजदा गाड़ी को शिवनाथ चला रहे थे। जैसे ही गाड़ी रजोकरी फ्लाईओवर से उतरकर धनचैरी कैंप के पास पहुंची, आगे चल रहे ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक ने बिना इंडिकेटर दिए अचानक रॉन्ग साइड मुड़ने का प्रयास किया। इससे माजदा सीधे ट्रॉली से टकरा गई। हादसे में शिवनाथ के दाहिने पैर और पेट में गंभीर चोटें आईं। राहगीरों की मदद से उन्हें सेक्टर-10 सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए सफदरजंग अस्पताल दिल्ली रेफर किया, लेकिन परिजन उन्हें सेक्टर-10ए स्थित आस्था अस्पताल ले गए। हालत में सुधार नहीं होने पर दोबारा नागरिक अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और फरार हुए चालक पर केस दर्ज कर लिया।

मामले की जांच कर रहे एसआई प्रमोद कुमार ने कहा कि पुलिस फरार ट्रैक्टर चालक की पहचान और तलाश में जुटी है। जिसे जल्द ही काबू कर लिया जाएगा।

अरावली में मिला महिला का सड़ा-गला शव, जानवरों ने नोंचा

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। गुरुग्राम के गांव कासन स्थित अरावली क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई, जब झाडिय़ों के बीच करीब 30 वर्षीय अज्ञात महिला का सड़ा-गला शव बरामद हुआ। शव की हालत इतनी खराब थी कि उसकी पहचान करना भी मुश्किल हो गया। महिला के चेहरे, हाथ और पैरों के कुछ हिस्सों को जंगली जानवरों ने बुरी तरह नोंच रखा था। शव से उठ रही तेज दुर्गंध ने लोगों का ध्यान इस ओर खींचा, जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ।

जानकारी के अनुसार, आज कुछ लोग गांव कासन की अरावली पहाडिय़ों की ओर गए हुए थे। इसी दौरान उन्हें आसपास तेज दुर्गंध महसूस हुई। जब उन्होंने तलाश की तो कुछ दूरी पर एक महिला का शव पड़ा दिखाई दिया। शव की हालत देखकर लोग घबरा गए और तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। सूचना मिलते ही मानेसर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस के मुताबिक, महिला का शव काफी हद तक क्षत-विक्षत हो चुका था। शरीर पर कीड़े रेंग रहे थे और चेहरे सहित हाथ-पैर के कुछ हिस्सों को जानवरों ने नोंच रखा था। शुरुआती अनुमान के अनुसार शव करीब तीन से चार दिन पुराना हो सकता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम और सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया गया। दोनों टीमों ने घटनास्थल से जरूरी साक्ष्य जुटाए, ताकि महिला की मौत से जुड़े रहस्यों का खुलासा किया जा सके। फिलहाल मृतका की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के गांवों के लोगों से पूछताछ कर महिला की पहचान कराने का प्रयास कर रही है।

सीवरेज में मिलने वाले शव की हुई पहचान, गला घोंटकर हत्या की आशंका

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम में एक युवक की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। सेक्टर-65 थाना क्षेत्र में सीवरेज से बरामद हुए युवक के शव की पहचान हो गई है। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के बिजनौर निवासी नईम के रूप में हुई है, जो बसई इलाके के पास मूंगफली बेचकर अपना गुजारा करता था। इस हत्याकांड में सबसे चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ है कि शव को ठिकाने लगाने और उसकी पहचान मिटाने के इरादे से उसके ऊपर भारी मात्रा में नमक डाला गया था।

परिजनों के मुताबिक, नईम 6 नवंबर को अचानक लापता हो गया था। काफी तलाश के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद मृतक के भाई ने पुलिस को शिकायत दी, जिसके आधार पर हत्या का मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने जांच शुरू की तो मामले की परतें खुलने लगीं और सीवरेज में मिले शव की पहचान नईम के रूप में हुई। शव के ऊपर भारी मात्रा में नमक डाला गया था। आशंका है कि शव को जल्दी नष्ट करने, पहचान मिटाने और दुर्गंध को दबाने के इरादे से ऐसा किया गया।

फोरेंसिक टीम ने मौके से नमक और मिट्टी के नमूने जुटाए हैं। प्रारंभिक जांच में युवक की गला घोंटकर हत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि इसकी पुष्टि जांच और फोरेंसिक रिपोर्ट के बाद ही होगी। फिलहाल सेक्टर-65 थाना पुलिस मृतक के पार्टनर से पूछताछ कर रही है। साथ ही आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और कॉल डिटेल रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि नईम आखिरी बार किन लोगों के संपर्क में था और उसकी हत्या के पीछे किसका हाथ है।

एमडीएमए सप्लाई करती दो विदेशी युवतियां काबू, एचएसएनसीबी ने आधी रात में की रेड

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। गुरुग्राम के पॉश इलाके सुशांत लोक में नशे के कथित कारोबार का मामला सामने आया है। हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) की गुरुग्राम यूनिट ने एक मकान में रेड कर थाईलैंड की दो युवतियों से 26.43 ग्राम एमडीएमए बरामद किया। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

दरअसल, 22 नवम्बर को एएसआई कपिल अपनी टीम के साथ सेक्टर-43 स्थित पारस अस्पताल के पास नशा रोकथाम अभियान में मौजूद थे। इसी दौरान सूचना मिली क सुशांत लोक के सी-ब्लॉक स्थित मकान में जैसमिन नाम की थाई युवती कथित तौर पर एमडीएमए की सप्लाई कर रही है। जिसके बाद एचएसएनसीबी की टीम मौके पर पहुंची और मकान में रेड की। जहां टीम को थाईलैंड निवासी चंदलापा कमास्कोल और चोमपूनुत दो युवतियां मिलीं। टीम ने जब वहां की तलाशी ली तो अलमारी में रखा 26.43 ग्राम एमडीएमए मिला। जिसके बाद युवतियों के खिलाफ सुशांत लोक थाने में एनडीपीएस एक्ट की धारा 22सी-61-85 के तहत केस दर्ज कर किया गया। मामले की जांच कर रहे एएसआई संदीप कुमार ने कहा कि पुलिस बरामद एमडीएमए के स्रोत, संभावित सप्लाई नेटवर्क और इस कथित कारोबार से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की जांच कर रही है।

खाकी की ईमानदारी ने जीता दिल, युवती को लौटाया खोया बैग-पर्स

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। ट्रैफिक पुलिस के दो जवानों ने ईमानदारी दिखाते हुए अपनी कर्तव्यनिष्ठा से इसकी शानदार मिसाल पेश की है। ड्यूटी के दौरान मिला लावारिस बैग और पर्स उसकी असली मालकिन को लौटाकर पुलिसकर्मियों ने जनता का दिल जीत लिया।

मामला सेक्टर-37 का है। यहां तैनात जोनल ऑफिसर एएसआई नरेश कुमार और कांस्टेबल रविंद्र कुमार को ड्यूटी के दौरान एक बेंच पर बैग और पर्स रखा मिला। दोनों ने जिम्मेदारी दिखाते हुए सामान सुरक्षित अपने पास रख लिया। कुछ समय बाद एक युवती वहां पहुंची और बताया कि वह अपना बैग-पर्स भूल गई है। पुलिसकर्मियों ने आवश्यक सत्यापन के बाद पूरा सामान उसे सुरक्षित लौटा दिया। खोया सामान वापस पाकर युवती बेहद खुश हुई और दोनों पुलिसकर्मियों का आभार जताया। गुरुग्राम यातायात पुलिस के इन जवानों ने वर्दी का मान बढ़ाते हुए मानवता की मिसाल पेश की।

गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने की शिरकत

पंचायतों और नगरपालिकाओं को सशक्त बनाने से मजबूत होगा लोकतंत्र : विधायक

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज







गुरुग्राम। गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में पंचायतों एवं नगरपालिकाओं के सशक्तिकरण को लेकर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। 'स्थानीय निकाय से स्थानीय सरकार की ओर' विषय पर आयोजित इस राष्ट्रीय सम्मेलन में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल जी, हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी, कैबिनेट मंत्री श्री विपुल गोयल जी, श्री कृष्ण लाल पंवार जी सहित विधायकगण एवं देशभर से आए जनप्रतिनिधियों और विशेषज्ञों ने भाग लिया।

इस अवसर पर गुरुग्राम के विधायक श्री मुकेश शर्मा जी भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। सम्मेलन में स्थानीय निकायों को अधिक अधिकार-संपन्न, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और जवाबदेह बनाने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। साथ ही इस बात पर जोर दिया गया कि पंचायतों और नगरपालिकाओं को केवल प्रशासनिक इकाई तक सीमित न रखकर प्रभावी स्थानीय सरकार के रूप में विकसित किया जाए, ताकि विकास योजनाओं का लाभ सीधे आमजन तक पहुंच सके।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी ने अपने संबोधन में कहा कि इस दो दिवसीय सम्मेलन का सीधा संबंध देश के प्रत्येक नागरिक के जीवन से है। हरियाणा सरकार का उद्देश्य पंचायतों और नगरपालिकाओं को अधिकार, वित्तीय स्थिरता और प्रभावी सेवा वितरण के तीन मजबूत आधारों पर सशक्त बनाना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि हरियाणा सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं को विकास कार्यों के लिए सीधे संसाधन उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसी कड़ी में 9 जून 2026 को पंचायतों के खातों में 1,056 करोड़ 75 लाख रुपये की राशि सीधे हस्तांतरित की गई तथा 350 अटल पुस्तकालयों का लोकार्पण किया गया। उन्होंने वर्ष 2026-27 के बजट में सामुदायिक संपत्तियों के रखरखाव के लिए 5 प्रतिशत धनराशि आरक्षित करने के प्रस्ताव और शहरी क्षेत्रों में वार्ड की छोटी लेकिन जरूरी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 'पार्षद आपातकालीन निधि' का भी उल्लेख किया। इसके अतिरिक्त महिलाओं को ग्राम जल एवं सीवरेज समितियों में 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व देने, डिजिटल सेवाओं के विस्तार और कचरे से ऊर्जा बनाने वाले संयंत्रों की स्थापना जैसे प्रयासों की जानकारी भी साझा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि सम्मेलन में विभिन्न राज्यों से प्राप्त होने वाले सुझावों और अनुभवों को 'हरियाणा विजन-2047' तथा सतत विकास लक्ष्यों के साथ जोड़कर पंचायत एवं वार्ड स्तर की योजनाओं को और प्रभावी बनाया जाएगा।

विधायक श्री मुकेश शर्मा ने इस राष्ट्रीय सम्मेलन को स्थानीय स्वशासन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि सशक्त पंचायतें और नगरपालिकाएं लोकतंत्र की सबसे मजबूत आधारशिला हैं। जब स्थानीय जनप्रतिनिधियों को पर्याप्त अधिकार, संसाधन और निर्णय लेने की स्वतंत्रता मिलेगी, तभी स्थानीय स्तर की समस्याओं का समयबद्ध समाधान और विकास कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सकेगा। सम्मेलन में स्थानीय निकायों की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जन-केंद्रित बनाने के साथ-साथ उन्हें भविष्य की जरूरतों के अनुरूप विकसित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया।

हरियाणा के नगर निकायों की कार्यप्रणालियों को दूसरे शहरों तक पहुंचाने की पहल

शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने राष्ट्रीय सम्मेलन में नगर निकायों की अच्छी कार्यप्रणालियों को साझा करने और आत्मनिर्भरता बढ़ाने पर चर्चा की

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कहा कि नगर निकायों को आत्मनिर्भर, जवाबदेह और बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने वाली स्थानीय सरकारों के रूप में विकसित करना हरियाणा सरकार की प्राथमिकता है। शहरों में सफल कार्यप्रणालियों को दूसरे निकायों तक पहुंचाने, राजस्व बढ़ाने, डिजिटल सेवाओं को मजबूत करने और जनभागीदारी बढ़ाने पर काम किया जाएगा। यह बात उन्होंने सोमवार को गुरुग्राम विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 'हरियाणा में पंचायतों और नगरपालिकाओं का सशक्तिकरण: स्थानीय निकायों से स्थानीय सरकारों तक' के तहत शहरी स्थानीय निकायों की सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों पर आयोजित सत्र की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने कहा कि शहरों की अच्छी कार्यप्रणालियों को दस्तावेज के रूप में तैयार कर सभी नगर निगमों, नगर परिषदों और नगर पालिकाओं तक पहुंचाया जाएगा, ताकि वे एक-दूसरे के अनुभवों से सीख सकें। साथ ही प्रॉपर्टी टैक्स, फीस और शहरों की संपत्तियों के बेहतर उपयोग के माध्यम से आय बढ़ाने पर जोर दिया।

शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल ने शहरों में विज्ञापन सहित आय के वैकल्पिक स्रोत तलाशने, उपलब्ध संपत्तियों का बेहतर उपयोग करने, पूजा सामग्री के अपशिष्ट प्रबंधन और जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार के लिए नए विकल्प अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि प्रदेश के 87 शहरी स्थानीय निकायों में से 84 में टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है तथा लेगेसी वेस्ट प्रबंधन में भी प्रगति हुई है।

उन्होंने कहा कि साफ-सफाई, पेयजल, सीवर, जल निकासी, सड़क और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध करवाने के साथ डिजिटल सेवाओं का विस्तार जरूरी है। मेयर, पार्षदों और कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने नगर निकायों को अपनी वित्तीय एवं प्रशासनिक शक्तियों का प्रभावी उपयोग कर राजस्व बढ़ाने, गारबेज फीस, संपत्तियों के बेहतर उपयोग और नए वित्तीय मॉडल अपनाने की सलाह दी। उन्होंने जनहित की परियोजनाओं में पीपीपी मॉडल और पारदर्शी व्यवस्था अपनाने पर भी बल दिया।

पंचायतों की आमदनी बढ़ाने के लिए स्थानीय संसाधनों का करें सदुपयोग : मंत्री कृष्ण लाल पंवार

पंचायतों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए अपने राजस्व स्रोत विकसित करने का किया आह्वान

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान की ओर से गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में 'हरियाणा में पंचायतों और नगरपालिकाओं का सशक्तिकरण : स्थानीय निकाय से स्थानीय स्वशासन की ओर' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।

सम्मेलन के पहले दिन पंचायती राज संस्थानों के सत्र में हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए पंचायतों की आमदनी और संसाधन बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास करने का आह्वान किया। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि पंचायतें अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करें। पंचायती जमीन का सदुपयोग करते हुए आय के नए स्रोत विकसित किए जाएं। ग्राम पंचायत, ब्लॉक समिति और जिला परिषद की जमीन को भी राजस्व बढ़ाने के लिए उपयोग में लाया जाए। उन्होंने सम्मेलन को पंचायत प्रतिनिधियों के लिए उपयोगी बताते हुए उन्हें अपने अनुभव और सुझाव साझा करने के लिए प्रेरित किया। सत्र में फाइनेंस एवं प्लानिंग विभाग के एसीएस सुधीर राजपाल भी मौजूद रहे। सम्मेलन में देशभर से आए पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीण विकास के अपने नवाचार साझा किए। महाराष्ट्र के धूलगांव के सरपंच शिवदास चंद्रकांत भोसले ने बताया कि उनकी 'स्टडी बेल' पहल से 43 विद्यार्थियों को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति मिली है। उन्होंने एक मिनट में 4 हजार पौधे लगाने और 25 एकड़ में जैव विविधता वन विकसित करने सहित अपने प्रयासों की जानकारी दी। उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के भरतपुर गांव की प्रधान नीलम देवी ने आईआईटी कानपुर की तकनीकी सहायता से जैविक खाद उत्पादन और कचरा प्रबंधन के माध्यम से वित्त वर्ष 2024-25 में 21.07 लाख रुपये का अपना राजस्व जुटाने की जानकारी दी। पंचायत को प्रोत्साहन योजना के तहत 25.38 लाख रुपये का अनुदान भी मिला।

मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले की ग्राम पंचायत टेमला के सरपंच मुकेश चौहान ने ग्राम सभाओं में जनभागीदारी, श्रमदान से जल संरक्षण तथा स्टॉप डैम और चेक डैम निर्माण के अनुभव साझा किए।

वहीं हरियाणा के पलवल जिले की महाग्राम पंचायत भिदुकी की सरपंच शशि बाला ने महिला हेल्प ग्रुप के गठन और ग्रामीण विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने वर्ष 2001 में गुजरात के भुज भूकंप के दौरान रेड क्रॉस के साथ राहत कार्यों में योगदान दिया था, जिसके लिए उन्हें राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया था।

पीएम मोदी के मार्गदर्शन और नायब सैनी के नेतृत्व में गांवों के विकास को मिल रही नई गति : सुरेश यादव

पंचायतों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना भाजपा सरकार की प्राथमिकता: सुरेश यादव

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में भाजपा सरकार शहरों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। सरकार का संकल्प है कि गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़कर वहां रहने वाले प्रत्येक नागरिक को बेहतर सुविधाएं, सम्मानजनक जीवन और विकास के समान अवसर उपलब्ध कराए जाएं। गुरुग्राम में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन को महत्वपूर्ण पहल बताते हुए सुरेश यादव ने कहा कि इस सम्मेलन में पंचायतों और नगर निकायों को आत्मनिर्भर, सशक्त एवं अधिक जवाबदेह बनाने के विषय पर गंभीर मंथन किया जा रहा है। सम्मेलन के पहले दिन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह सहित अन्य प्रमुख नेताओं ने अपने विचार रखते हुए ग्राम पंचायतों को मजबूत बनाने और ग्रामीण विकास को नई दिशा देने पर विशेष बल दिया। सुरेश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांवों के विकास को राष्ट्र निर्माण का महत्वपूर्ण आधार बनाया है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए हरियाणा की भाजपा सरकार पंचायतों को मजबूत करने, ग्रामीण बुनियादी ढांचे का विस्तार करने और गांवों में मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। पिछले लगभग 12 वर्षों के भाजपा शासनकाल में पंचायत व्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में अनेक महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

उन्होंने कहा कि आज ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता, निर्बाध बिजली आपूर्ति और अन्य बुनियादी सुविधाओं को सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गांवों में विकास केवल सड़कों और भवनों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि प्रत्येक परिवार तक सुविधाओं का लाभ पहुंचना चाहिए। जब गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पेयजल और बिजली जैसी सुविधाएं मजबूत होंगी, तभी ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता में वास्तविक सुधार आएगा।सुरेश यादव ने कहा कि पंचायतें लोकतंत्र की सबसे मजबूत आधारशिला हैं। गांवों के विकास से जुड़े निर्णयों में स्थानीय प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की भागीदारी बढ़ाना समय की आवश्यकता है। पंचायतें जितनी अधिक आत्मनिर्भर और अधिकार संपन्न होंगी, विकास कार्य उतनी ही पारदर्शिता और तेजी से आगे बढ़ेंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि गुरुग्राम में आयोजित यह राष्ट्रीय सम्मेलन पंचायतों और नगर निकायों के लिए नई कार्ययोजना तैयार करने तथा विकास के सफल मॉडलों को साझा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

जिला परिषद के सीईओ सुमित कुमार ने समाधान शिविर में सुनीं नागरिकों की शिकायतें

शिकायतों पर समयबद्ध कार्यवाही कर समाधान सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता
सतबीर भारद्वाज

- **प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होते हैं समाधान शिविर**

गुरुग्राम। जिला परिषद के सीईओ सुमित कुमार ने सोमवार को लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनीं। शिविर में कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुईं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सुनवाई के दौरान उन्होंने अधिकारियों से मामलों की स्थिति की जानकारी ली और लंबित शिकायतों पर तेजी से कार्यवाही करने को कहा।

सीईओ ने कहा कि समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए और उनके समाधान की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। अधिकारी शिकायतों की नियमित समीक्षा करें और जिन मामलों में विभागीय स्तर पर कार्यवाही लंबित है, उन्हें तय समय में पूरा करें। साथ ही, शिकायतकर्ताओं को उनके मामलों में हुई प्रगति की जानकारी भी दी जाए, ताकि उन्हें बार-बार कार्यालयों में न आना पड़े।

उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने और नागरिकों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहने को कहा। शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए और प्रत्येक मामले में जिम्मेदारी के साथ कार्यवाही की जाए। उन्होंने बताया कि जिला एवं उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं। इन शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर नागरिकों की शिकायतें सुनते हैं और उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही करते हैं। आमजन इन शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रख सकते हैं। इस अवसर पर एमओ डॉ. हरीश कुमार, एलडीएम विनोद कुमार बजाज, डिप्टी डीईओ दीप्ति बोकन, गीता आर्या, एसडीओ सुमन कश्यप, मनीष, एईओ ज्योति, इंस्पेक्टर मीनाक्षी, सीएम विंडो की एमिनेंट पर्सन सुषमा शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट के मामलों के लिए राज्यव्यापी विशेष लोक अदालत आयोजित

कुल 7,966 मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया गया

ओपन सर्च/ ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा में सभी के लिए सुलभ, सस्ता और त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (HALSA) द्वारा आज पूरे प्रदेश में नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट (चेक बाउंस) से जुड़े मामलों के निपटारे के लिए एक विशेष लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के न्यायाधीश तथा हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष माननीय न्यायमूर्ति हरसिमरन सिंह सेठी के नेतृत्व में संपन्न हुआ।

इस अवसर पर हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री दीपक अग्रवाल ने जिला न्यायालय, पंचकूला का दौरा कर चल रही लोक अदालत की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने न्यायपीठों (बेंच) के साथ संवाद किया और निर्देश दिए कि इस विशेष लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक मामलों का आपसी सहमति से निपटारा करने के लिए गंभीर और सार्थक प्रयास किए जाएं। यह विशेष लोक अदालत हरियाणा के सभी 22 जिलों और 38 उप-मंडलों (सब-डिवीजन) में एक साथ आयोजित की गई। यह आयोजन विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान को बढ़ावा देने और वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र को मजबूत करने के प्रति प्राधिकरण की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। विशेष लोक अदालत के दौरान नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट के तहत विभिन्न विवादों से जुड़े कुल 7,966 मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया गया। इन समझौतों से लंबे समय से लंबित मामलों का शीघ्र समाधान संभव हुआ, जिससे पक्षकारों को लंबी कानूनी प्रक्रिया से राहत मिली, उनके समय और धन की बचत हुई तथा आपसी सहमति से सौहार्दपूर्ण संबंध बहाल हुए। इस विशेष लोक अदालत के सफल आयोजन से हरियाणा की अदालतों में चेक बाउंस से संबंधित लंबित मामलों की संख्या को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान मिला है। इसके साथ ही, विवाद समाधान के एक प्रभावी, कुशल और नागरिक-अनुकूल माध्यम के रूप में लोक अदालत की संस्था के प्रति आम जनता का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ है। विशेष लोक अदालत के दौरान कुल 81.83 करोड़ रुपये की राशि का निपटारा किया गया, जो विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान में लोक अदालत प्रणाली की प्रभावशीलता को रेखांकित करता है।

संस्कृत हमारी संस्कृति, संस्कारों और प्राचीन ज्ञान परंपरा की आधारशिला : डॉ. अरविंद शर्मा

-मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में शिक्षा के साथ संस्कार और भारतीय संस्कृति को जोड़ने पर विशेष जोर

ओपन सर्च/ ब्यूरो



चंडीगढ़। हरियाणा के सहकारिता, कारागार, पर्यटन, विरासत एवं निर्वाचन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सभ्यता, संस्कारों और प्राचीन ज्ञान परंपरा की आधारशिला है। संस्कृत में वेदों, उपनिषदों, दर्शन, विज्ञान, गणित, आयुर्वेद और जीवन मूल्यों का विशाल भंडार समाहित है। युवा पीढ़ी को संस्कृत से जोड़ना अपनी सांस्कृतिक विरासत को सुरक्षित रखने के साथ-साथ एक संस्कारवान समाज के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा शनिवार को पानीपत जिला के समालखा में प्राच्य संस्कृत शिक्षा प्रचारक समिति की ओर से आयोजित स्वर्गीय मास्टर रामरत्न स्मारक अंतर विद्यालयीय संस्कृत प्रतियोगिता को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने के साथ विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों, संस्कारों और भारतीय संस्कृति से जोड़ने पर जोर दे रही है। सरकार का उद्देश्य ऐसी शिक्षा व्यवस्था विकसित करना है, जिसमें विद्यार्थियों को रोजगारपरक एवं तकनीकी शिक्षा के साथ अपनी भाषा, संस्कृति और गौरवशाली इतिहास का भी ज्ञान प्राप्त हो।

डॉ. शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में मातृभाषा, भारतीय भाषाओं, कौशल विकास और समग्र शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया गया है। हरियाणा में भी शिक्षा के क्षेत्र में इन उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आधुनिक विज्ञान और तकनीक के युग में संस्कृत जैसी प्राचीन भाषा का महत्व कम नहीं हुआ है। विद्यार्थियों को आधुनिक शिक्षा के साथ संस्कृत और भारतीय ज्ञान परंपरा का अध्ययन करने के अवसर मिलने चाहिए।

उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल तथा पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में संस्कृत शिक्षा के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कैथल में महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना इसका प्रमुख उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि संस्कृत विश्वविद्यालय और अन्य शिक्षण संस्थानों के माध्यम से संस्कृत भाषा, साहित्य और भारतीय ज्ञान परंपरा के अध्ययन को बढ़ावा देने की दिशा में प्रयास किए गए।

डॉ. शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रावधानों को लागू करने की दिशा में कदम उठाए गए हैं। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों में नौवीं और दसवीं कक्षा के लिए त्रिभाषा व्यवस्था के तहत हिंदी और अंग्रेजी के साथ संस्कृत, पंजाबी अथवा उर्दू में से एक भाषा चुनने का प्रावधान किया गया है। इससे विद्यार्थियों को भारतीय भाषाओं के अध्ययन के अधिक अवसर मिलेंगे। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि संस्कृत के संरक्षण की जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं, बल्कि समाज, शिक्षकों और अभिभावकों की भी है।

भाजपा निर्वाचन जैसी संवैधानिक संस्था का दुरुपयोग कर रही है: पूर्व मंत्री कृष्णा तीरथ

अभियान राजनीतिक नहीं बल्कि देश के संविधान को बचाने के लिए : आफताब अहमद

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद



नूंह। नूंह जिला कांग्रेस कमेटी ने सोमवार को नूंह जिले के आंकेड़ा गांव में पार्टी के 'वोट बचाओ-देश बचाओ' अभियान के तहत चौपाल आयोजित की जिसमें कृष्णा तीरथ पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। स्थानीय विधायक व कांग्रेस विधायक दल के उप नेता चौधरी आफ़ताब अहमद ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की जबकि जिला काँग्रेस अध्यक्ष हाज़ी शहीदा खान पूर्व विधायक, पीसीसी सदस्य चौधरी महताब अहमद विशेष रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक अध्यक्ष जमशेद आकेड़ा ने किया। कार्यक्रम गांव की पुरानी चौपाल पर हुआ जिसमें स्थानीय जिम्मेदार लोगों की भारी संख्या थी। पूर्व मंत्री कृष्णा तीरथ ने कहा कि कांग्रेस लगातार गंभीर सवाल उठा रही है कि भाजपा चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने के लिए निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्था का दुरुपयोग क्यों और कैसे कर रही है। निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता, स्वतंत्रता और विश्वसनीयता लोकतंत्र की बुनियाद है। यदि मतदाता सूचियों में मनमाने तरीके से नाम जोड़ने या हटाने, मतदाताओं को उनके अधिकार से वंचित करने अथवा चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने की आशंकाएं सामने आती हैं, तो उनकी निष्पक्ष, पारदर्शी और स्वतंत्र जांच होना अनिवार्य है। कांग्रेस विधायक आफ़ताब अहमद ने कहा कि वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान महज राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के लोकतंत्र, संविधान और प्रत्येक नागरिक के मतदान के अधिकारों की रक्षा के लिए जन आंदोलन है। कांग्रेस नेतृत्व पूरी दृढ़ता और प्रतिबद्धता के साथ इन महत्वपूर्ण मुद्दों को उठा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का नेतृत्व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी और संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल कर रहे हैं। विधायक आफ़ताब अहमद ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह देश के प्रत्येक नागरिक के उस लोकतांत्रिक अधिकार से जुड़ा है, जिसके आधार पर वह अपनी सरकार चुनता है।

मतदाता सूची में किसी भी पात्र नागरिक का नाम नहीं छूटना चाहिए और किसी अपात्र व्यक्ति का नाम शामिल नहीं होना चाहिए। निर्वाचन आयोग को राजनीतिक दबाव से मुक्त रहकर संविधान और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के अनुरूप काम करना चाहिए। चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्षता सुनिश्चित करना उसकी संवैधानिक जिम्मेदारी है। पीसीसी सदस्य चौधरी महताब अहमद ने कहा कि मेवात में भी पार्टी संगठन की जिम्मेदारी है कि इस अभियान को गांव-गांव, घर-घर और प्रत्येक बूथ तक पहुंचाया जाए। 'वोट रक्षक अभियान' के माध्यम से कांग्रेस कार्यकर्ता मतदाता सूचियों की बारीकी से जांच करेंगे, पात्र मतदाताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करेंगे तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता सामने आने पर नियमानुसार शिकायत एवं सुधार की प्रक्रिया में उनकी सहायता करेंगे। पीसीसी सदस्य चौधरी महताब अहमद ने सभी से आह्वान किया कि वे पूरी संगठनात्मक ऊर्जा, समर्पण और सक्रियता के साथ इस अभियान में जुटें तथा प्रत्येक कार्यक्रम को व्यापक जनभागीदारी का माध्यम बनाएं। इस मौके पर एससी विभाग के अध्यक्ष महेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष सोहराब खान, कोषाध्यक्ष खुर्शीद अहमद, महासचिव अंजुम पार्षद, महासचिव वहीद सालंबा, हाजी अब्बास जयसिंहपुर, सचिव शाकिर खान, सचिव प्रदीप कुमार, सचिव इकरून अली, सचिव तौफीक चीला, सचिव रुक्मुद्दीन, सरपंच हामिदा, काजम सरपंच, आकुल्ला सरपंच, बनवारी सरपंच, हाजी आस मौ, सुरेश सरपंच, अख्तर हुसैन भादस, वली उस्मान, अजीज नंबरदार, जाहिद ठेकेदार, गुरुजी, सुरेंद्र मंत्री, अफाक एनएसयूआई सहित अनेक कांग्रेस नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्राकृतिक आपदा, आगजनी और भवन ढहने जैसी आपात स्थितियों से निपटने के लिए 27 नवंबर को लघु सचिवालय के प्रांगण में होगा नागरिक सुरक्षा मॉक अभ्यास : उपायुक्त अखिल पिलानी

शाम 3 बजे आयोजित होगा अभ्यास, राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों को परखा जाएगा

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद



नूंह। जिला नूंह में आपातकालीन परिस्थितियों और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए 27 नवंबर को शाम 3 बजे लघु सचिवालय के प्रांगण में नागरिक सुरक्षा मॉक अभ्यास आयोजित किया जाएगा। इस अभ्यास के माध्यम से विभिन्न विभागों की कार्यक्षमता, आपसी समन्वय और राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारियों का आकलन किया जाएगा। उपायुक्त अखिल पिलानी ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की बैठक को संबोधित करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी आपातकालीन परिस्थिति में जान-माल की सुरक्षा के लिए प्रशासनिक तंत्र का सतर्क और तैयार रहना बेहद जरूरी है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग आपसी तालमेल के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें। उपायुक्त ने बताया कि मॉक अभ्यास में प्राकृतिक आपदा, आगजनी, भवन ढहने के दौरान लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने जैसी आपातकालीन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए राहत एवं बचाव गतिविधियों का अभ्यास किया जाएगा। इसके तहत प्रभावित स्थानों से लोगों को सुरक्षित निकालने, मलबे में फंसे व्यक्तियों की तलाश एवं बचाव, घायलों को प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने तथा आपातकालीन सेवाओं को सक्रिय करने की प्रक्रिया का अभ्यास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अभ्यास के दौरान नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों, होमगार्ड, पुलिस, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, संबंधित सैन्य इकाइयों, एनसीसी कैडेट्स तथा अन्य संबंधित विभागों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। सभी विभाग आपातकालीन स्थिति में अपने संसाधनों और उपलब्ध सुविधाओं के साथ तुरंत कार्रवाई करने के लिए तैयार रहें। उपायुक्त ने बताया कि मॉक अभ्यास के दौरान भारतीय सेना अथवा संबंधित स्थानीय सैन्य इकाइयों के समन्वय से टेबल-टॉप अभ्यास भी आयोजित किया जा सकता है। इसका उद्देश्य विभिन्न एजेंसियों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना और आपदा के समय त्वरित एवं प्रभावी निर्णय लेने की क्षमता को मजबूत करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत एवं बचाव उपकरणों, अग्निशमन वाहनों, एंबुलेंस, प्राथमिक चिकित्सा सुविधाओं तथा आपातकालीन संचार व्यवस्था की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी विभाग जारी दिशा-निर्देशों एवं मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार अपनी तैयारियां पूरी रखें, ताकि किसी भी अप्रत्याशित घटना के समय बिना देरी के प्रभावी कार्रवाई की जा सके।

विधायक मामन खान इंजीनियर का जनसंपर्क अभियान: दर्जनों गांवों में पहुंचे, लोगों के सुख-दुख में हुए शामिल

बोले - दूसरी बार विधायक बनाने के लिए जनता का आभारी हूं, समस्याओं का समाधान ही पहली प्राथमिकता

ओपन सर्च/आस मोहम्मद



नूंह। विधायक मामन खान इंजीनियर ने अपने साप्ताहिक जनसंपर्क अभियान के तहत नगीना खंड और फिरोजपुर झिरका खंड के कई दर्जन गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गांव-गांव पहुंचकर लोगों का हालचाल जाना और उनकी समस्याएं सुनीं। क्षेत्र के लोगों ने विधायक को अपनी समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर विधायक मामन खान इंजीनियर ने मौके पर ही संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन कर दिशा-निर्देश दिए और जल्द समाधान के निर्देश दिए। बता दें कि विधायक मामन खान इंजीनियर हर सप्ताह शनिवार, रविवार और सोमवार को जनसंपर्क अभियान चलाकर क्षेत्र के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनते हैं और उनके सुख-दुख में शामिल होकर उनकी समस्याओं का समाधान कराते हैं। क्षेत्र के लोगों से बातचीत करते हुए विधायक ने कहा कि लोगों ने जिस उम्मीद और भरोसे के साथ लगातार दूसरी बार उन्हें विधायक बनाकर विधानसभा में भेजा है, उसके लिए वे हमेशा क्षेत्र के लोगों के आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनना और उनका समाधान कराना ही उनकी पहली प्राथमिकता है। पूरे विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पीने के पानी, नहरी पानी, सड़कें और रास्ते जैसी मूलभूत सुविधाओं के समाधान के साथ-साथ युवाओं को रोजगार दिलाने के लिए भी वे लगातार प्रयासरत हैं।

वोट चोरी मुद्दे पर बोले विधायक मामन खान -

इस दौरान विधायक मामन खान इंजीनियर ने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रहे 'वोट चोर, गद्दी छोड़' और 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान का भी जिक्र किया। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने भाजपा के साथ मिलकर देश के कई राज्यों में भाजपा की सरकार बनाने का काम किया है और वे भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक उनका इस्तीफा लेकर उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा, तब तक कांग्रेस चुप बैठने वाली नहीं है।

उन्होंने कहा कि मेवात में सभी विधानसभा क्षेत्रों में सफल कार्यक्रम कर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह और जोश देखने को मिल रहा है। आगे भी पार्टी द्वारा दिए गए कार्यक्रमों को पूरी मेहनत के साथ भारी भीड़ के साथ किया जाएगा।

पंजाब विधानसभा चुनाव में हरियाणा महिला कांग्रेस को बड़ी जिम्मेदारी, पर्ल चौधरी के नेतृत्व पर राष्ट्रीय नेतृत्व ने जताया भरोसा

ओपन सर्च / नरेश शर्मा



गुरुग्राम। हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस की लगातार बढ़ती सक्रियता और प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती पर्ल चौधरी के नेतृत्व में संगठन की मजबूती को देखते हुए तथा उनकी अनुशंसा पर अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती अलका लांबा ने आगामी पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए हरियाणा महिला कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्रियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस द्वारा 20 नवंबर को जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, पंजाब के 29 संगठनात्मक जिलों में पर्यवेक्षकों की नियुक्ति की गई है। इनमें हरियाणा महिला कांग्रेस की आठ वरिष्ठ नेत्रियों को सात जिलों में महत्वपूर्ण संगठनात्मक जिम्मेदारियां दी गई हैं।

हरियाणा महिला कांग्रेस की इन नेत्रियों को मिली जिम्मेदारी

1. कोमल जैन– लुधियाना शहरी
2. संतोष कुमारी जून – मानसा
3. प्रिज्ञा पाशा जैन एवं सुशीला शर्मा– संगरूर
4. गुरविंदर कौर चावला– तरनतारन
5. लाजवंती ढिल्लों– मोहाली
6. शैलिका खुराना – फतेहगढ़ साहिब
7. सपना राणा– होशियारपुर

तैयारियों में हरियाणा की नौ महिला नेत्रियों की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है।

अहीर-यादव समाज की माताओं के सम्मान में सबसे पहले उठाई आवाज

गौरतलब है कि हाल ही में एबीपी न्यूज़ के एक कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर संगीत रागी द्वारा अहीर-यादव समाज की माताओं और उनकी कोख के संबंध में की गई अपमानजनक टिप्पणियों के खिलाफ हरियाणा में विरोध का पहला प्रमुख स्वर अहीरवाल का नगीना पटौदी हलके की बेटी, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष पर्ल चौधरी ने उठाया था। उन्होंने इन टिप्पणियों को मातृत्व, नारी सम्मान और अहीर-यादव समाज के स्वाभिमान पर हमला बताते हुए सार्वजनिक रूप से इसके अतिरिक्त अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव एवं पंजाब प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रभारी डॉ. साक्षी चौधरी भी हरियाणा से आती हैं। इस प्रकार पंजाब के आगामी विधानसभा चुनाव की संगठनात्मक विरोध दर्ज कराया तथा प्रदर्शन का नेतृत्व किया। पर्ल चौधरी ने स्पष्ट किया था कि "किसी भी समाज की माताओं और उनकी कोख का अपमान केवल एक समाज का नहीं, बल्कि 36 बिरादरी की नारी शक्ति का अपमान है।" पर्ल चौधरी ने भाजपा नेतृत्व की चुप्पी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा की प्रदेश प्रभारी पूर्व मंत्री स्मृति ईरानी, हरियाणा भाजपा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता तथा अहीरवाल क्षेत्र से आने वाले भाजपा के विधायक और मंत्री इस गंभीर विषय पर सार्वजनिक रूप से विरोध दर्ज कराते कहीं दिखाई नहीं दिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व में भी अहीरवाल क्षेत्र का प्रतिनिधित्व है, लेकिन संगीत रागी की कथित समाज-विरोधी और अपमानजनक टिप्पणियों की सार्वजनिक निंदा न किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। हरियाणा महिला आयोग की निष्क्रियता के खिलाफ उठाई आवाज, नायब सैनी सरकार को मजबूरन करना पड़ा पुनर्गठन हरियाणा प्रदेश महिला कांग्रेस ने राज्य महिला आयोग की कार्यप्रणाली और महिलाओं से जुड़े मामलों में उसकी निष्क्रियता को लेकर भी पिछले दिनों गंभीर सवाल उठाए थे। कुरुक्षेत्र के एलएनजेपी सिविल अस्पताल में ओपीडी में डॉक्टर द्वारा, नाबालिग से बलात्कार के संवेदनशील मामले में महिला आयोग की भूमिका पर प्रदेश अध्यक्ष पर्ल चौधरी ने सवाल उठाए थे पर्ल चौधरी का कहना है कि महिला कांग्रेस द्वारा इस मामले में दबाव बनाए जाने के बाद नायब सिंह सैनी सरकार को वर्षों से रिक्त पड़े महिला आयोग के पांच सदस्य पदों तथा उपाध्यक्ष पद पर नियुक्तियों की प्रक्रिया तेज करनी पड़ी और जनता के दबाव और महिला कांग्रेस के हस्तक्षेप के 48 घंटे के भीतर नायब सैनी सरकार ने नियुक्तियों की घोषणा की और आयोग की तत्कालीन अध्यक्ष का इस्तीफा भी मजबूरन स्वीकार करना पड़ा।

पर्ल चौधरी के नेतृत्व में हरियाणा महिला कांग्रेस को मिली नई दिशा

प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व संभालने के बाद से ही श्रीमती पर्ल चौधरी ने हरियाणा महिला कांग्रेस को संगठनात्मक रूप से मजबूत बनाने तथा महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी और आत्मसम्मान बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए हैं। प्रदेश में नई नेतृत्व टीम का गठन, महिलाओं के अधिकारों के लिए आंदोलन और जमीनी स्तर पर निरंतर जनसंपर्क के माध्यम से हरियाणा महिला कांग्रेस ने अपनी सक्रियता को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। पिछले दो सप्ताह से हरियाणा महिला कांग्रेस द्वारा प्रदेश के गांव-गांव में **महिला चौपाल** का आयोजन किया जा रहा है। इन चौपालों के माध्यम से महिलाओं की समस्याओं को सुनने के साथ-साथ उन्हें कथित वोट चोरी, उनके संवैधानिक अधिकारों, राजनीतिक भागीदारी तथा लोकतंत्र की रक्षा के लिए जागरूक किया जा रहा है।

तंज़ीम आईमा ए औक़ाफ़, हरियाणा द्वारा किया गया वक्फ बोर्ड प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन का भव्य सम्मान समारोह आयोजित

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद





नूंह। सोमवार को तंज़ीम आईमा ए औक़ाफ़, हरियाणा द्वारा तंज़ीम के सदर मौलाना असरुद्दीन तेड़ की अध्यक्षता में नूंह जिले के पिनगवाँ , अकबरपुर रोड़ स्थित मदरसा जामिया फ़ातिमा अल ज़ोहरा लिलबनात में हरियाणा बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन पूर्व विधायक के सम्मान में भव्य व शानदार सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें तंज़ीम आईमा ए औक़ाफ़ हरियाणा के सैकड़ों ईमामों व उलेमा हज़रत ने शिरकत की। उलेमा हज़रात द्वारा सम्मान समारोह में पहुंचने पर चौधरी ज़ाकिर हुसैन का फूलमालाओं व पुष्पवर्षा कर भव्य व शानदार स्वागत किया गया और उन्हें पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता कर रहे तंज़ीम के सदर मौलाना असरुद्दीन ने कहा कि हरियाणा बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन व हरियाणा बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद शाईन, भा.प्र.से. ने हरियाणा बोर्ड के विकास व ईमामों के हक़ों तथा भलाई के लिए पिछले कई वर्षों में लगातार प्रयास किए हैं। कई अहम फ़ैसले ईमामों की भलाई के लिए किए हैं । जैसे: उनकी हों में एकमुश्त 5000 रुपए का बड़ा इज़ाफा हो या फिर इमामों की हों में सालाना 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो या फिर एक्स ग्रेसिया के तहत मरहूमीन के परिवारों को नौकरियाँ हों, या फिर मस्जिदों की मरम्मत के लिए ऐड देने आदि। इनके अलावा बहुत से कार्य उन्होंने उनकी भलाई के लिए किए हैं और वह लगातार कर रहे हैं। उन्होंने कहा की चौधरी ज़ाकिर हुसैन साहब ने ही इस तालाब वाली मस्जिद की लीज कराकर आबाद कराया और अब यहाँ पर मदरसा भी चल रहा है। चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने इमामों व उलेमा हज़रात के भले के लिए बहुत से कार्य किए हैं, जिन्हें हमेशा याद किए जाएँगे। उन्होंने कहा कि आज आईमा ए औक़ाफ़ के ईमामों की हों में ईज़ाफ़ा, आश्रितों को नौकरियां, हसालाना बढ़ोतरी आदि लगातार हो रही हैं। इसके लिए पूर्व मुख्यमंत्री व देश के ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, हरियाणा सरकार , हरियाणा बोर्ड के प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन व बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद शाईन का तहेदिल से शुक्रिया व आभार व्यक्त करते हैं। इसी सिलसिले में सभी आइमा हज़रात ने उनका इस्तक़बालिया कार्यक्रम (सम्मान समारोह) करने का फैसला किया है और आज यह कार्यक्रम बहुत शानदार रहा। हरियाणा बोर्ड के प्रशासक एवं पूर्व विधायक चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने सम्मान समारोह में मौजूद सैकड़ों ईमामों व उलेमा हजरात को संबोधित करते हुए सबसे पहले उनके द्वारा किए गए भव्य स्वागत व पगड़ी बांधकर जो मान सम्मान दिया गया उसका तहेदिल से शुक्रिया व आभार जताया। उन्होंने कहा कि ईमामों व उलेमा हजरात का सम्मान उनके व उनके परिवार के लिए सबसे पहला व अव्वल कार्य है। उन्होंने हमेशा उलेमा हजरात का सबसे पहले सम्मान किया है। ज़ाकिर हुसैन ने कहा कि आप लोगों की दुआओं की बदौलत हरियाणा बोर्ड बहुत शानदार कार्य कर रहा है। सबसे पहले हरियाणा बोर्ड को सुचारु रूप से चलाने में पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का पूरा आशीर्वाद और मार्गदर्शन मिला और यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में और मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद साईन की सकारात्मक सोच और उनके पूर्ण सहयोग से हरियाणा बोर्ड सुचारु रूप से कार्य कर रहा है। समय समय पर हरियाणा सरकार के उच्च अधिकारियों का भी पूरा सहयोग मिला है इसके लिया पूर्व मुख्यमंत्री व देश के ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल, यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व मोहम्मद साईन का धन्यवाद व आभार व्यक्त करता हूं। माननीय प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने कहा कि हरियाणा बोर्ड तेजी से उन्नति की तरफ बढ़ रहा है। भविष्य में भी मस्जिदों की देख रेख, ईमामों की भलाई के लिए, गरीबों की भलाई के लिए हरियाणा बोर्ड द्वारा कार्य किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि कुछ विपक्ष के लोगों द्वारा इमामों की तनख्वाहों में बढ़ोतरी, सालाना इंक्रीमेंट व मस्जिदों की भलाई के लिए कार्यों को हरियाणा बोर्ड को बर्बाद करने की बात करते हैं, अगर ये कार्य भी बोर्ड की बर्बादी के लिए हैं तो वो तो इमामों और मस्जिदों की भलाई के लिए कार्य करते रहेंगे। चौधरी ज़ाकिर हुसैन ने इमाम हज़रात से अपील की कि आप लोग हरियाणा बोर्ड की उन्नत्ति व उनके लिए भी दुआएँ करें । ज़ाकिर हुसैन ने मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज, पल्ला के मामले पर भी कहा कि छात्रों की सभी मांगों पर कार्य चल रहा है, कॉलेज के बेहतरी के लिए हरियाणा बोर्ड लगातार प्रयासरत है। सम्मान समारोह में मौलाना असगर हुसैन अंबाला, हाफिज हनीफ, हाफिज आरिफ यमुनानगर, मौलाना राशिद यमुनानगर, कारी जावेद पानीपत, मौलाना हाशिम सिरसा , मौलाना असजद सनौली आदि ने भी संबोधित कर इमामों व उलेमाओ के लिए किए गए कार्यों की सराहना की और प्रशासक चौधरी ज़ाकिर हुसैन व मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहम्मद साईन का शुक्रिया व आभार जताया। उन्होंने हरियाणा के तरक्की व चौधरी ज़ाकिर हुसैन साहब की सेहतयाब लंबी उम्र व उनकी कामयाबी के लिए दुआएं भी की । इस अवसर पर मौलाना सलीम, मौलाना मुबारक रेवाड़ी, मौलाना रमजान रेवाड़ी, मौलाना जमालुद्दीन ऊंचा गांव, मौलाना सलीमुद्दीन बल्लमगढ़ फरीदाबाद, मौलाना जान मोहम्मद गुड़गांव, मौलाना रफीक झज्जर, मौलाना कमरुद्दीन , मौलाना आजाद भिवानी ,मौलाना अनवर मालपुरी , हाफिज जमशेद हथीन, मौलाना आबिद, मौलाना बदरे आलम, मौलाना हारून, मौलाना लुकमान आदि सैंकड़ों ईमाम व उलेमा हजरात मौजूद रहे ।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विजय कुमार व सम्पादक सतबीर भारद्वाज द्वारा ए.जी.एस. पब्लिकेशन्स एफ-23,सेक्टर-6, नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित, गांव- बाबुपुर गुरुग्राम, हरियाणा- 122006 से प्रकाशित। सम्पादक : सतबीर भारद्वाज
RNI No. HARHIN/2023/86132 अखबार में प्रकाशित तथ्यों एवं लेखों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं, किसी भी कानूनी वाद विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय के अधीन होगा। मोबाइल : 9210092542, 9312643452
E-mail : opensearchnews@gmail.com

मुख्यमंत्री घोषणा के तहत गांव काछवा में बनेगी शूटिंग रेंज; डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने किया स्थल का निरीक्षण

अधिकारियों को जल्द विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर भेजने के दिए निर्देश

ओपन सर्च/ प्रदीप मैहता



करनाल। मुख्यमंत्री घोषणा के तहत गांव काछवा में प्रस्तावित शूटिंग रेंज के निर्माण कार्य को अमलीजामा पहनाने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी कड़ी में आज डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने गांव काछवा का दौरा कर प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। इस मौके पर एडीसी डॉ. राहुल रईया, बीडीपीओ मोनिका और जिला खेल अधिकारी सत्यवीर सिंह भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने भूमि की उपलब्धता, बुनियादी ढांचे और आसपास की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शूटिंग रेंज के निर्माण कार्य से जुड़ी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) बिना किसी देरी के तैयार कर मुख्यालय भेजी जाए, ताकि तकनीकी व प्रशासनिक स्वीकृति के बाद निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराया जा सके। उन्होंने कहा कि गांव काछवा में शूटिंग रेंज बनने से क्षेत्र के उभरते खिलाड़ियों और युवाओं को अभ्यास के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, जिससे वे राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिले और प्रदेश का नाम रोशन कर सकेंगे।

करनाल में समरसता संकल्प यात्रा का होगा भव्य स्वागत एवं आयोजन : विधायक जगमोहन आनंद

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। करनाल के विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज के 650वें प्रकाश पर्व वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही समरसता संकल्प यात्रा का करनाल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया जाएगा। यह यात्रा समाज में समानता, सामाजिक समरसता, भाईचारे और मानवता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगी। विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि संत गुरु रविदास जी महाराज ने अपना संपूर्ण जीवन समाज को एकता, सद्भाव और समानता का मार्ग दिखाने में समर्पित किया। उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और समाज को जाति-पाति तथा भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट होने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने बताया कि समरसता संकल्प यात्रा 26 नवंबर को कुरुक्षेत्र से होते हुए करनाल पहुंचेगी। यात्रा के स्वागत एवं सफल आयोजन को लेकर भाजपा करनाल द्वारा यात्रा की तैयारियों को लेकर विस्तार से तैयारियां की जा रही है। विधायक ने कहा कि यात्रा के करनाल आगमन पर स्वागत स्थलों, यात्रा मार्ग, मंच व्यवस्था, पुष्प वर्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं सुरक्षा सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। इसके लिए मंडल अध्यक्षों, मोर्चा अध्यक्षों, प्रकोष्ठ संयोजकों एवं पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं, ताकि अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित की जा सके। जगमोहन आनंद ने कहा कि करनाल में इस यात्रा का स्वागत ऐतिहासिक और यादगार होगा। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजन से आह्वान किया कि वे बढ़-चढ़कर इस आयोजन में भाग लें और संत गुरु रविदास जी महाराज के विचारों को आत्मसात करते हुए सामाजिक एकता एवं समरसता को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि करनाल का आयोजन पूरे प्रदेश के लिए सामाजिक एकता और भाईचारे की एक मिसाल बनेगा।

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होगा नेशनल एडवेंचर स्टडी टूर : धर्मपाल चौधरी

करनाल से उत्तराखंड के नैनीताल के लिए विद्यार्थियों का दल रवाना

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। पी एम श्री राजकीय विद्यालय करनाल से हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तत्वावधान में आयोजित नेशनल एडवेंचर स्टडी टूर के अंतर्गत डीपीसी करनाल की मेजबानी में जिला सोनीपत और यमुनानगर के पी एम श्री स्कूलों के 268 विद्यार्थियों का दल उत्तराखंड के नैनीताल के लिए 23 से 27 नवम्बर के लिए रवाना हुआ। इस अवसर पर डीपीसी धर्मपाल चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों के दल को रवाना किया तथा उन्हें सुखद एवं सुरक्षित यात्रा की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डीपीसी धर्मपाल चौधरी ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक एवं साहसिक भ्रमण विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इन यात्राओं के माध्यम से बच्चों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ प्रकृति, पर्यावरण, स्थानीय संस्कृति और भौगोलिक परिस्थितियों को करीब से समझने का अवसर मिलता है। ए पी सी पवन ने कहा कि एडवेंचर गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने की क्षमता विकसित करती हैं। नैनीताल की प्राकृतिक सुंदरता और पर्वतीय वातावरण विद्यार्थियों के लिए सीखने का एक नया अनुभव होगा। इस टूर का उद्देश्य विद्यार्थियों को अनुभवात्मक शिक्षा से जोड़ना तथा उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना है। विद्यार्थियों में इस यात्रा को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला।

तुलसी का पौधा पवित्र और पूजनीय : पवन कौशिक

सखियां मर जाएं तेरी मतवाली चाल पे..भजन पर भाव विभोर भक्त

ओपन सर्च / वेद बहल



झज्जर। सिद्ध बाबा कांशीगिरि जी महाराज मंदिर परिसर में महिला संकीर्तन मंडली के तत्वाधान में चल रही तृतीय कार्तिक मास की कथा में कथा वाचक पंडित पवन कौशिक ने तुलसी के पौधे और पवित्रता का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि हिन्दू धर्म में तुलसी के पौधे का बड़ा महत्व हैं। तुलसी के पौधे में मां लक्ष्मी का वास होता है। तुलसी को बहुत ही पवित्र और पूजनीय पौधा माना गया हैं। सुबह -शाम तुलसी के पौधे पर दीप जलाने का विधान है। जिस स्थान पर तुलसी का पौधा होता है वहां देवता निवास करते है। लंका में विभीषण के घर तुलसी का पौधा देखकर हनुमान जी अति हर्षित हुये थे। तुलसी को पवित्रता का प्रतीक माना जाता है। रविवार, एकादशी और सूर्यास्त के बाद तुलसी के पत्ते नहीं तोड़ने चाहिए। कार्यक्रम में नगर पार्षद सुषमा गोसाई मोजूद रही। महिलाओं ने सामूहिक तुलसी के समक्ष दीप जलाकर पूजा अर्चना की और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान महिला संकीर्तन मंडली की नीलम गाबा, कमल, रोजी नारंग, सन्तोष हंस ने जो कोई जपता राधे राधे वो हो जाये भव से पार हमारे दो ही रिश्तेदार.. राधा नाम की जड़ी बूटी से होते यहां उपचार हमारे दो ही रिश्तेदार...इंदू भूगड़ा ने मिला है दरबार किस्मत से मिले हो बाबा आप किस्मत से...संध्या आर्य, शशी बहल, सुषमा गोसाई ने पीला पीताम्बर कान्हा निकले जब डाल के सखियां मर जाएं तेरी मतवाली चाल पे...राधा कृष्ण के मधुर भजन सुनाकर महिला श्रद्धालुओं को सुनाकर नाचने पर मजबूर कर दिया। इस मौके पर प्रधान सुधांशु हंस, इंदू देवराज भूगड़ा, नारायणी सरदाना, शीला देवी चुघ, विशन वधवा, संध्या आर्य, प्रीति गाबा, सन्तोष अरोड़ा, प्रधान रमेश लखेरा, अर्पित सेवक सहित अन्य महिला श्रद्धालु मौजूद रही।

आवारा कुत्तों और सड़कों पर दौड़ते घोड़ों का आखिर कब होगा समाधान बताये नगरपालिका



ओपन सर्च/ प्रदीप मैहता

तरावड़ी। शहर और आसपास के क्षेत्रों की मुख्य सड़कों व गलियों में आवारा पशुओं का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। एक ओर जहां गलियों में आवारा कुत्तों के झुंड राहगीरों, बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरा बने हुए हैं, वहीं दूसरी ओर मुख्य मार्गों पर बेकाबू होकर दौड़ते घोड़े और अन्य लावारिस पशु आए दिन सड़क हादसों को न्योता दे रहे हैं। मुख्य बाजारों और हाईवे से सटे इलाकों में अचानक सड़कों पर दौड़ते बेलगाम घोड़ों व पशुओं के कारण दोपहिया वाहन चालक और राहगीर चोटिल हो रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों में दहशत: सुबह-शाम टहलने निकलने वाले बुजुर्गों और स्कूल जाने वाले बच्चों पर आवारा कुत्तों के हमले की घटनाएं आम हो गई हैं, जिससे स्थानीय निवासियों में भारी रोष है। स्थानीय निवासी अरुण,विनोद,विकी का कहना है कि जल्द से जल्द इसका समाधान होना चाहिए।

नगरपालिका द्वारा सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में किया जा रहा है फॉर बीन कैंपेन का आयोजन : अजीत कुमार



ओपन सर्च/ प्रदीप मैहता

तरावड़ी। नगर पालिका तरावड़ी सचिव अजीत कुमार के नेतृत्व में सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में फॉर बीन कैंपेन का आयोजन किया जा रहा है । नगर पालिका की स्वच्छता टीम और सुगम स्वच्छता नगर निगम करनाल की टीम सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों मे विद्यार्थियों को चार प्रकार के डस्टबिनों के बारे में मोटिवेट कर रही है । ये टीम स्कूली बच्चों को समझा रही है कि घर के कचरे का सही तरीके से निपटान करने के लिए चार प्रकार के डस्टबिन का प्रयोग करें और इन चार प्रकार के डस्टबिन में कचरे को अलग-अलग रखने का भी काम करें । इसी कड़ी में तरावड़ी शहर के वार्ड 8 में स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला डोडवा में नगर पालिका के मोटीवेटर परविंदर सिंह व राजवंती और सुगम स्वच्छता करनाल टीम से ट्रेनर कर्मजीत कौर और डोर टू डोर के सुपरवाइजर प्रवीण कुमार द्वारा बच्चों को कूड़े कचरे को डस्टबिन में डालने के लिए प्रेरित किया । स्कूल के मुख्य शिक्षक नीरज कुमार द्वारा भी बच्चों को अपने घर के कचरे को चार प्रकार के डस्टबिन का प्रयोग के बारे में प्रेरित किया । कचरे को अलग-अलग करने के इस अभियान के आयोजन में स्कूल शिक्षक शमशेर सिंह मनोज कुमार, प्रवीण कुमार कुलबीर कौर शामिल हुए।

26 नवंबर को कुरुक्षेत्र से करनाल पहुंचने वाली यात्रा के स्वागत की तैयारियों में जुटे विधायक कबीरपंथी

ओपन सर्च/प्रदीप मैहता



तरावड़ी। संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज के 650वें जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली जा रही समरसता संकल्प यात्रा के स्वागत की तैयारियों को लेकर तरावड़ी अनाज मंडी स्थित भाजपा कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने की। इसमें हलके के चारों मंडलों के अध्यक्षों सहित पार्टी कार्यकर्ताओं और संगठन से जुड़े सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में 26 नवंबर को कुरुक्षेत्र से करनाल पहुंचने वाली यात्रा के स्वागत को लेकर चर्चा की गई। विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि यात्रा के नीलोखेड़ी पहुंचने पर फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया जाएगा। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा क्षेत्र के गणमान्य लोग भी यात्रा का अभिनंदन करेंगे। उन्होंने कहा कि यात्रा के स्वागत को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। विधायक ने कहा कि संत गुरु रविदास जी महाराज ने समाज को समानता, भाईचारे, मानवता और आपसी सद्भाव का संदेश दिया। उनके विचार आज भी समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। समरसता संकल्प यात्रा का उद्देश्य उनके विचारों और संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि यह यात्रा पंजाब के जालंधर स्थित डेरा सचखंड बल्लां से शुरू हुई है। करीब 2402 किलोमीटर की यात्रा सात राज्यों के 47 शहरों से होकर गुजरेगी और 3 दिसंबर को वाराणसी स्थित संत रविदास जी की जन्मस्थली सीर गोवर्धनपुर में संपन्न होगी। 26 नवंबर को यात्रा नीलोखेड़ी, तरावड़ी और करनाल पहुंचेगी जिसका जीटी रोड पर स्वागत किया जाएगा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संयोगिया गुप्ता, शिवम बंसल, संजय सेन, सतनाम सिंह आहूजा, रणजीत भारद्वाज, नीलोखेड़ी मंडल अध्यक्ष मुकेश बाबा, देवेंद्र कामरा, जय भगवान सिंकरी, पार्षद ओमप्रकाश मल्होत्रा, योगेश सरदाना, पार्षद आत्मप्रकाश, मार्केट कमेटी अध्यक्ष रणदीप चौधरी, उमेश शर्मा, मुकेश राणा, राकेश चौहान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

करनाल के बाला सुंदरी शक्तिपीठ मंदिर में दूसरी बार चोरी, दानपात्र तोड़ नकदी उड़ा ले गए चोर

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। देश में हिंदुत्व, धार्मिक आस्था और हिंदू राष्ट्र की अवधारणा को राजनीतिक विमर्श का प्रमुख मुद्दा बनाने वाली भाजपा सरकार के शासन में यदि मंदिर ही सुरक्षित नहीं हैं, तो यह कानून व्यवस्था और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े करता है। करनाल की विकास कॉलोनी स्थित महामाया बाला सुंदरी शक्तिपीठ मंदिर में एक बार फिर चोरी की घटना सामने आई है। 22 नवंबर 2026 की देर रात अज्ञात चोर ने मंदिर में घुसकर दानपात्र का ताला तोड़ा और उसमें रखी नकदी चोरी कर ली। वारदात के बाद दानपात्र को मंदिर की छत पर फेंक दिया गया। अज्ञात व्यक्ति मंदिर की छत के रास्ते अंदर दाखिल हुआ। आरोपी ने दीवार और दरवाजे का लॉक तोड़कर मंदिर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मंदिर में चोरी की यह पहली घटना नहीं है। मंदिर प्रधान ने अपनी शिकायत में उल्लेख किया है कि इससे पहले 9 जून 2026 को भी मंदिर में चोरी का प्रयास हुआ था। उस समय शिकायत संख्या 1928-SD एवं 91781 के माध्यम से पुलिस को मामले की जानकारी दी गई थी। इसके बावजूद दोबारा चोरी की घटना होना पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली और मंदिरों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। मंदिर प्रबंधन का सवाल है कि पिछली शिकायत के बाद सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाए गए और क्या आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच की गई थी?

हिंदू अस्मिता के दावों के बीच मंदिरों की सुरक्षा पर सवाल :

एक और राजनीतिक मंचों से हिंदू अस्मिता, धार्मिक गौरव और हिंदू राष्ट्र की बात की जाती है, वहीं दूसरी ओर मंदिरों में चोरी की घटनाएं श्रद्धालुओं की आस्था और सुरक्षा को लेकर चिंता पैदा कर रही हैं। जब केंद्र और हरियाणा दोनों जगह भाजपा की सरकार है, तब धार्मिक स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी शासन और प्रशासन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। सवाल किसी धर्म या समुदाय का नहीं, बल्कि कानून व्यवस्था और सरकार की जवाबदेही का है। क्या मंदिरों की सुरक्षा केवल धार्मिक आयोजनों और राजनीतिक भाषणों तक सीमित रह गई है? श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धा से अर्पित की गई दान राशि और धार्मिक स्थलों की संपत्ति की सुरक्षा भी उतनी ही जरूरी है। मंदिर प्रधान जसवीर सिंह राणा ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मंदिर परिसर और आसपास के रास्तों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जाए, घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए जाएं, आरोपी की पहचान कर उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए तथा 9 जून को दी गई पिछली शिकायत पर हुई कार्रवाई की भी जांच की जाए। अब देखना यह होगा कि करनाल पुलिस प्रशासन इस मामले में कितनी तत्परता से कार्रवाई करता है और मंदिर में दोबारा चोरी करने वाले आरोपी को कब तक गिरफ्तार किया जाता है। यह मामला केवल दानपात्र से नकदी चोरी होने का नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं की आस्था और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा से जुड़ा है। धार्मिक गौरव के दावों की वास्तविक परीक्षा तभी है, जब मंदिरों सहित प्रत्येक नागरिक के धार्मिक स्थलों और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

हरिद्वार में विश्व हिंदू परिषद कार्यालय का भूमिपूजन संपन्न

ओपन सर्च/प्रदीप मैहता



नीलोखेड़ी। हरिद्वार में विश्व हिंदू परिषद केंद्र का श्री गंगाधाम कार्यालय के निर्माण हेतु भूमिपूजन समारोह धार्मिक श्रद्धा एवं उत्साह के साथ आयोजित किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ भूमि पूजन कर कार्यालय निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक दिनेश जी ने अपने संक्षिप्त संबोधन में कहा कि यह केवल एक भवन नहीं ब्लिक चार धाम की यात्रा करने वाले तथा हरिद्वार आगमन करने वाले प्रत्येक हिंदू के लिए किसी तीर्थ से कम नहीं होगा।उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त अयोध्या में स्थापित विश्व हिंदू भवन की तर्ज पर आने वाले श्रद्दालुओं के लिए यह भवन उपलब्ध होगा।इस अवसर पर निजात्म प्रेम आश्रम के महामण्डलेश्वर स्वामी ज्ञान प्रेमानंद जी,महंत विष्णु दास जी सहित संत-महात्माओं तथा विश्व हिंदू परिषद के संयुक्त महामंत्री कोटेश्वर जी,क्षेत्रीय संगठन महामंत्री मुकेश जी,प्रदेश संगठन मंत्री अजय,स्वामी रुपेंदर जी,साध्वी मैत्री गिरि जी ,जिलाध्यक्ष बलराम कपूर, अनुज वालिया सहित विहिप एवं बजरंग दल के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि विश्व हिंदू परिषद का कार्यालय हिंदू समाज की एकता, सांस्कृतिक संरक्षण, धार्मिक जागरूकता और सामाजिक सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हरिद्वार में विश्व हिंदू परिषद के कार्यालय का भूमिपूजन समारोह में संतों एवं कार्यकर्ताओं ने लिया भाग लिया ।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी नववर्ष में करेंगे नए कार्यालय का उदघाटन : भाजपा नेत्री भारती हरसाना



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा नेत्री व नगरनिगम पार्षद भारती मनीष हरसाना ने बताया कि आने वाले नूतन वर्ष के जनवरी माह के पहले पखवाड़े में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व्यापार सदन के समीप बन रहे नए कार्यालय की इमारत का विधिवत रूप में उदघाटन करेंगे। उन्होने बताया कि नगरनिगम के नए मुख्यालय भवन का लोकार्पण किए जाने के लिए जल्द ही मुख्यमंत्री से समय लिया जाएगा। भाजपा नेत्री व नगरनिगम पार्षद भारती मनीष हरसाना ने बताया कि नए कार्यालय भवन का 90 फीसदी से ज्यादा निर्माण कार्य पूरा हो गया है। अब केवल फिनिशिंग का काम अंतिम चरण में है और दिसम्बर महीने में पुराने कार्यालयों से दस्तावेजों, रिकार्ड और अन्य सामान को नए भवन में शिफ्ट करने की प्रक्रिया तेजी से शुरू होगी।

20 को होने वाली महापंचायत में साथियों समेत लेगें बढ़-चढक़र हिस्सा : राजीव यादव

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यादव युवा सभा से जुड़े पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव बालूदा ने सोमवार को क्षेत्र में दर्जनों गांवों का दौरा कर समाज के लोगों को अपने साथ 20 दिसम्बर को अहीर रेजिमेंट धरनास्थल पर आयोजित होने वाली महापंचायत में साथियों समेत चलने का निमंत्रण दिया और इस बात पर खुशी जताई कि इस महापंचायत में शामिल होने के लिए क्षेत्र के लोगों विशेषकर युवाओं में जबरदस्त उत्साह नजर आ रहा है। उन्होने बताया कि 20 दिसम्बर को उनकी अगुवाई में सोहना क्षेत्र के लोग और जेनजी-उल्फा एक लम्बे काफिले के रूप में इस महापंचायत में शामिल होंगे। उन्होने बताया कि यह महापंचायत प्रोफेसर संगीत रागी की यादव समाज पर की गई टिप्पणी के विरोध में संयुक्त अहीर रेजिमेंट मोर्चा की तरफ से आयोजित की गई है। उन्होने बताया कि इससे पूर्व मोर्चा ने पुलिस आयुक्त को लिखित में शिकायत देकर आरोपितों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाए जाने और जल्द से जल्द आरोपितों को गिरफ्तार किए जाने की मांग की है। यादव युवा सभा से जुड़े पूर्व नगरपार्षद राजीव यादव बालूदा ने बताया कि चाहे बागेश्वर धाम के पीठाश्वर पंडित धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री हो या फिर प्रोफेसर संगीत रागी, यादव समाज और भगवान श्रीकृष्ण के ऊपर गलत टिप्पणी करने वाले ऐसे किसी भी व्यक्ति को यादव-अहीर समाज किसी भी कीमत पर हर्गिज बर्दाश्त नही करेगा और दोनों आरोपितों ने जल्द ही सार्वजनिक रूप से माफी नही मांगी तो यादव-अहीर समाज इन दोनों को सबक सिखाने के लिए अहिंसक तरीके से आंदोलन चलाने की रणनीति तैयार कर अहम निर्णय लेगा और जहां-जहां भी यह दोनों जाएंगे, अहीर-यादव समाज के लोग इनका काले झंडे दिखाकर अपने विरोध का इजहार करेंगे।

मछली पालन के लिए सरकार दे रही 2 लाख रुपए तक का अनुदान : भाजपा नेता योगेश तंवर



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा अनुसूचित मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सीएम विंडो में एमिनेट पर्सन योगेश तंवर व जिलापार्षद कैलाशवती तंवर ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार में मछली पालकों के अच्छे दिनों की शुरूआत हो गई है। उन्होने बताया कि राज्य सरकार एससी वर्ग के मछली पालकों को प्रथम वर्ष की पटटा राशि पर प्रति लाभार्थी 50 हजार रुपए प्रति हैक्टेयर या पटटे की वास्तविक राशि का 50 प्रतिशत अनुदान दे रही है। उन्होने बताया कि सहायता केवल पंचायतों, तालाबों और सरकारी जलाशयों पर लागू होगी और अधिकतम 4 हैक्टेयर के लिए प्रति लाभार्थी दो लाख रुपए तक का अनुदान मिलेगा।

मिशन बुनियाद में बच्चों को पढ़ाई के साथ मिलेगी रहने की सुविधा : मनोज बजरंगी



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना में व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार में विद्यार्थियों के अच्छे दिनों की शुरूआत हो गई है। उन्होने बताया कि राज्य सरकार ने अब मिशन बुनियाद के तहत चयनित विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ निशुल्क रहने व भोजन की सुविधा भी उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। उन्होने बताया कि सुपर-100 योजना की तर्ज पर अब बुनियाद के विद्यार्थियों को भी पढ़ाई के साथ-साथ रहने व भोजन की सुविधा भी मुफ्त मिलेगी। ऐसा होने पर अब बुनियाद में चयनित बच्चों को अपने घरों से केन्द्र तक आवाजाही के लिए दौड़ नही लगानी पड़ेगी। जिससे बच्चों के समय व पैसे दोनों की बचत होगी। वही उन्हे कैम्पस में मुफ्त में रहने, मुफ्त में भोजन और पढ़ाई के लिए बेहतरीन माहौल मिलेगा।

आर्थिक तंगी के चलते होनहार बच्चों की बीच में नही छूटेगी पढ़ाई : हरीश नंदा



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा के संरक्षक और पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष हरीश नंदा राजू ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार शिक्षा के क्षेत्र पर विशेष फोकस कर रही है। खुशी की बात यह है कि आर्थिक तंगी के चलते होनहार बच्चों की पढ़ाई अब बीच में नही छूटेगी क्योकि नए शिक्षा सत्र से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार ने ऐसे प्रतिभाशाली बच्चों के मिशन बुनियाद के तहत चयनित होने पर उन्हे बिल्कुल निशुल्क रूप में हास्टल में रहने और सरकार की तरफ से निशुल्क पढ़ाई के साथ-साथ निशुल्क भोजन की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा के संरक्षक और पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष हरीश नंदा राजू ने बताया कि मिशन बुनियाद के तहत चयनित बच्चों को सुरक्षित माहौल देने के लिए सरकार ने गांव नौरंगपुर में विशेष आवासीय केन्द्र यानी हास्टल तैयार कराने की तैयारी कर ली है। इस हास्टल को शुरू करने के लिए तमाम औपचारिकताएं पूरी हो गई है।

पैरा एशियन खेलों में पदक जीतकर लौटे कपिल खटाना का हुआ जोरदार स्वागत

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव दमदमा के रहने वाले और भारतीय सेना की राजपूत रेजिमेंट में कार्यरत कपिल खटाना का जापान में आयोजित पैरा एशियन खेलों में 400 मीटर फ्री स्टाईल स्वीमिंग प्रतियोगिता में सिल्वरमेडल हासिल कर गांव दमदमा में पहुंचने पर क्षेत्र के लोगों ने उन्हे फूलों और नोटों की मालाएं पहनाकर शानदार तरीके से जोरदार स्वागत किया। क्षेत्र के लोग कपिल खटाना को बधाई देने के लिए उनके आवास पर पहुंच रहे है तो वही क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी चौधरी निहाल सिंह धारीवाल एडवोकेट ने कपिल खटाना को क्षेत्र, प्रदेश और देश की शान बताते हुए सिल्वरमेडल जीतने पर बधाई दी है। उन्होने कहा कि कपिल खटाना ने विदेशी धरती पर सिल्वरमेडल जीतकर दिखा दिया है कि गांव में रहने वाले हरियाणवी छोरे किसी भी क्षेत्र में तनिक भी पीछे नही है और उनके सिल्वरमेडल जीतकर लाने से हरियाणा का नाम देश-दुनिया के मानचित्र पर गौरान्वित हुआ है। उन्होने बताया कि खुशी की बात यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य सरकार की ओर से कपिल खटाना को प्रोत्साहन स्वरूप डेढ़ करोड़ रुपए का नकद इनाम पुरस्कार में देकर सम्मानित किया है।

चौधरी रोहताश रिठौजिया ने किया खिलाड़ी कपिल खटाना को सम्मानित



ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी रहे चौधरी रोहताश खटाना रिठौजिया ने सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव दमदमा के रहने वाले और भारतीय सेना की राजपूत रेजिमेंट में कार्यरत कपिल खटाना का जापान में आयोजित पैरा एशियन खेलों में 400 मीटर फ्री स्टाईल स्वीमिंग प्रतियोगिता में सिल्वरमेडल हासिल कर गांव रिठौज में पहुंचने पर खिलाड़ी कपिल खटाना का फूलों और नोटों की मालाएं पहनाकर शानदार तरीके से जोरदार स्वागत किया। क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी चौधरी रोहताश खटाना रिठौजिया ने कपिल खटाना को क्षेत्र, प्रदेश और देश की शान बताते हुए सिल्वरमेडल जीतने पर बधाई दी है। उन्होने कहा कि कपिल खटाना ने विदेशी धरती पर सिल्वरमेडल जीतकर दिखा दिया है कि गांव में रहने वाले हरियाणवी छोरे किसी भी क्षेत्र में तनिक भी पीछे नही है और उनके सिल्वरमेडल जीतकर लाने से हरियाणा का नाम देश-दुनिया के मानचित्र पर गौरान्वित हुआ है।

आधुनिक सुविधाओं युक्त हॉस्टल में 200 विद्यार्थियों को मिलेगी रहने की सुविधा : डाक्टर रामवीर गोस्वामी



ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना मार्किटकमेटी मैंबर और भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ में जिला संयोजक डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार ने निर्धन वर्ग के प्रतिभाशाली बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ सुरक्षित माहौल और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए यहां पर गांव नौरंगपुर में आधुनिक तर्ज पर विशेष आवासीय केन्द्र का निर्माण कराया है। उन्होने बताया कि मिशन बुनियाद के तहत चयनित करीब 200 विद्यार्थियों को गांव नौरंगपुर में बनाए गए इस विशेष आवासीय केन्द्र में निशुल्क रूप में रहने, अल्पाहार-भोजन के साथ-साथ पढ़ाई की व्यवस्था की गई है। भाजपा नेता डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार घर-घर में शिक्षा का उजियाला फैलाने और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा के क्षेत्र पर विशेष फोकस कर रही है। अच्छी बात यह है कि आर्थिक तंगी के चलते बीच में पढाई छोडऩे वाले प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं पर राज्य सरकार की विशेष नजरे है ताकि ऐसे बच्चों को पहचान कर मिशन बुनियाद के तहत चयनित होने पर उनके रहने, भोजन और पढ़ाई का तमाम खर्चा सरकार खुद उठाकर शिक्षित समाज बनाकर राज्य को समृद्धि, खुशहाली के रास्ते पर ले जाने का काम कर रही है।

मतांतरण मामले में आरोपी दंपति को पकडऩे के लिए लुकआउट सर्कुलर जारी

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर गांव घाटाअमीरपुर में निर्धन वर्ग के बच्चों को शिक्षा देने की आड़ में उन्हे तरह-तरह के प्रलोभन देकर धर्मांतरण करने के लिए प्रेरित करने वाले मामले में पुलिस ने जहां हर दृष्टिकोण से इस प्रकरण में जांच तेज कर दी है, वही इस मामले में फरार चल रहे आरोपी पीटर को पकडऩे के लिए पुलिस ने एलओसी यानी लुक आउट सर्कुलर जारी कराया है और समूचे देश के सभी एयरपोर्टों पर एनजीओ संचालक दंपति को विदेश जाने से रोकने तथा पकडऩे के लिए अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से बरामद एनजीओ के दस्तावेजों और बैंक खातों की गहनता से जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। वही इस मामले में शिकायतकर्ता अनुज ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि इस बात की बहुत ही गहराई व निष्पक्षता से जांच की जाए कि यह एनजीओ को धर्मांतरण को बढ़ावा देने के लिए कब से सक्रिय है और इसके पीछे किन-किन लोगों को वित्तीय समर्थन प्राप्त हो रहा है। वही इस मामले में पुलिस ने पकड़ में आए मुख्य आरोपी प्रवीण को अदालत में पेश किया। जिसे अदालत ने न्यायिक हिरासत में भौंड़सी मार्डन जेल भेज दिया है। जांच में सामने आया कि करीब दो दशक यानी बीस वर्ष पहले हिंदू धर्म को छोडक़र ईसाई बना प्रवीण पेशन मूवमेंट इंटरनेशनल एनजीओ में कार्य कर रहा था और वह एनजीओ संचालक पीटर का रिश्ते में जीजा बताया जा रहा है। बाद में एनजीओ के माध्यम से शिक्षा की आड़ लेकर पाठशालाओं को संचालित करने वाले कामकाज को संभालने की जिम्मेदारी प्रवीण को सौंप दी गई। इस मामले में फिलहाल पीटर फरार चल रहा है। पुलिस को आशंका है कि वह विदेश भाग सकता है। इसलिए पुलिस ने एलओसी जारी कराया है। एलओसी जारी होने के बाद अगर पीटर देश से बाहर भागने की कोशिश करेगा तो इस बात की जानकारी पुलिस को तुरन्त मिल जाएगी। सूत्रों ने बताया कि जांच के दौरान सामने आया है कि आरोपियों ने करीब एक वर्ष पहले यहां पर गांव घाटाअमीरपुर में एक पेड़ के नीचे बच्चों को पढ़ाने के नाम पर शिक्षा देने की शुरूआत की। शुरूआती दिनों में कक्षा में केवल 5 से 7 बच्चे ही पढऩे आते थे। बच्चों और उनके अभिभावकों का विश्वास जीतने के लिए आरोपियों ने बच्चों को खाने-पीने की चीजों के साथ-साथ मुफ्त किताबें और स्टेशनरी का सामना बांटना शुरू किया। जिस कारण आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के लिए यह सुविधा आकर्षण का केन्द्र बन गई और इसी वजह से बच्चों की संख्या एकदम बढक़र 35 तक पहुंच गई। बच्चों की संख्या बढ़ते ही इन्होने गांव घाटा में 12 वर्ग गज का एक कमरा किराए पर ले लिया और वही कक्षाएं संचालित करने लगे। पुलिस की अब तक की जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी हर शनिवार को गांव घाटा आते थे और बच्चों को पढ़ाने व उपहार देने के बहाने उनका ब्रेनवाश करते थे। आरोप है कि पढ़ाई के दौरान हिंदू देवी-देवताओं को नीचा दिखाकर बच्चों के मन में भ्रम पैदा किया जाता था और ईसाई धर्म को सबसे सर्वश्रेष्ठ धर्म बताते हुए ईसाई धर्म से जुड़ी कविताएं पढ़ाई जाती थी। बच्चों को अपने खर्चे पर पहाड़ों पर घुमाने का झांसा भी दिया जा रहा था। अहम बात यह है कि धर्मांतरण की पाठशाला वाले इस मामले का भांड़ाफोड़ तब हुआ, जब अशोक नाम का युवक गांव घाटा में अपने दोस्त और इस मामले के शिकायतकर्ता अनुज से मिलने जा रहा था। रास्ते में इस कमरे के पास से निकलते वक्त अशोक ने अंदर बच्चों को धर्मांतरण के लिए प्रेरित किए जाने वाली बातें सुनी और संदेह होने पर अशोक ने तुरंत अपने दोस्त अनुज को मौके पर बुलाया। जब दोनों कमरे में पहुंचे तो धर्मांतरण वाली इस पाठशाला का सारा राज खुल गया। गांव घाटा की झुग्गी-बस्ती में मतांतरण के लिए चलाई जा रही पाठशाला वाले इस मामले में पुलिस को आशंका है कि इस पूरे नेटवर्क का संचालन डाक्टर पीटरजानमलकर अपनी पत्नी के साथ मिलकर कर रहा था और अब यह दंपति पुलिस से बचने के लिए किसी भी वक्त अमेरिका भाग सकता है। इसी आशंका को देखते हुए यहां पर सेक्टर छप्पन थान पुलिस ने दोनों के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी करा दिया है। पुलिस अब इस दंपति के पासपोर्ट की जानकारी जुटा रही है और कई सुरक्षा एजेंसियों से इस दंपति को पकडऩे के लिए सम्पर्क किया गया है। ध्यान देने वाली बात यह है कि चालू वर्ष में चौदह नवम्बर को गांव घाटा की झुग्गी-बस्ती में छापेमारी कर पुलिस ने मतांतरण के प्रयास का भांड़ाफोड़ करते हुए मौके से 4 महिलाओं को पकड़ा है। पकड़ में आई इन महिलाओं से पूछताछ के बाद पुलिस को 5वें आरोपी प्रवीण के बारे में जानकारी मिली। जिस पर पुलिस ने अठारह नवम्बर को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के बुराड़ी क्षेत्र से प्रवीण को गिरफ्तार कर लिया और जब उसे अदालत से पूछताछ के लिए 3 दिन की रिमांड पर लेकर कड़ाईपूर्वक पूछताछ की गई तो पूछताछ के दौरान उससे कई अहम जानकारियां सामने आई। पूछताछ में प्रवीण ने बताया कि एनजीओ वर्ष-2014 से संचालित किया जा रहा था और इसके माध्यम से झुग्गी-बस्तियों में शिक्षा देने की आड़ में धर्मांतरण की पाठशाला चलाई जा रही थी। आरोपी प्रवीण ने कड़ाईपूर्वक की गई पूछताछ में दिल्ली के गुजरावाला झुग्गियों में भी एक ऐसी ही पाठशाला चलाने की जानकारी पुलिस को जांच के दौरान मिली। साथ ही प्रवीण ने पूछताछ में एनजीओ संचालक डाक्टर पीटरजानमलकर और उसकी पत्नी के बारे में जानकारी दी। पुलिस को पता चला है कि पीटर की पत्नी अमेरिकी नागरिक है। ऐसे में आशंका है कि यहां पर गांव घाटा में मतांतरण की आड़ में चलाई जा रही पाठशाला का भांड़ाफोड़ होने के बाद आरोपी देश छोडक़र भागने की फिराक में है या फिर भाग गए हो। इसी को देखते हुए आरोपी दंपति के खिलाफ पुलिस ने लुकआउट सर्कुलर जारी कराया है। इसी दौरान पुलिस को डाक्टर पीटर का एक वीडियो मिला है। जिसके बाद जांच और तेज हो गई है। इस वीडियो में डाक्टर पीटर ने कहा था कि उसके पेशन मूवमेंट एनजीओ में दिल्ली विश्वविद्यालय के एक हजार छात्र वालेंटियर है और कार्यक्रमों में आते रहते है। देखा जाए तो दिल्ली विश्वविद्यालय में देश भर के विभिन्न राज्यों के छात्र पढ़ते है। ऐसे में पुलिस को आशंका है कि इस एनजीओ का नेटवर्क कई राज्यों में फैला हो सकता है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि यह नेटवर्क किन-किन राज्यों में सक्रिय था। वही शिकायतकर्ता की माने तो जिस दिन गांव घाटा की झुग्गियों में पुलिस ने छापेमारी की थी, उस दिन भी डाक्टर पीटर व उसकी पत्नी धर्मांतरण वाली पाठशाला में आए थे लेकिन पुलिस की छापेमारी से पहले ही वह वहां से निकल चुके थे और तभी से यह दोनों फरार चल रहे है। अब इनके विदेश भाग जाने की आशंका है।

सोहना में गुरू नानकदेव जी का आज मनेगा जन्मोत्सव

शिवनगरी में गुरू पर्व पर रंग-बिरंगी रोशनी से नहाया श्री सिंह गुरूद्वारा



ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। शिवनगरी सोहना में पहली पातशाही साहिब श्री गुरू नानकदेव जी का प्रकाश महोत्सव पर्व मनाने के लिए स्थानीय श्री सिंह गुरूद्वारा रंग-बिरंगी रोशनी से नहाया नजर आ रहा है। श्री गुरूद्वारा प्रबंधन समिति अध्यक्ष सरदार गुरूचरण सिंह बागड़ी, नगरपार्षद राखी बागड़ी, सरदार जसवंत सिंह, कृपाल सिंह, सरदार प्रीतपाल सिंह बिल्लू, सरदार प्रीतम सिंह, बिजेन्द्र सिंह खन्ना, सुनील प्रेम सिंह, सोनू सावरिया, जीतू पहाडिय़ा, जसबीर सिंह, निशांत सिंह आदि ने बताया कि शिवनगरी सोहना में सिखों के प्रथम गुरू नानकदेव जी का जन्मदिवस प्रकाशोत्सव रूप में मंगलवार, 24 नवंबर को बहुत ही श्रद्धापूर्वक, उमंग, हर्षोल्लास के बीच धूमधामपूर्वक मनाया जाएगा। गुरू नानक देव जी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में स्थानीय श्री सिंह गुरू द्वारा को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। इससे पूर्व स्थानीय श्री सिंह गुरूद्वारा में श्री अखंड पाठ का आयोजन किया गया है तथा गुरू श्री नानक देव जी के बहुआयामी जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी गौरव भरी गाथा का उल्लेख किया जा रहा है। गुरूद्वारा हाल में दीवान सजाया गया है, जहां रागी जत्थे कीर्तन कर रहे है। उपरोक्तजनों का कहना है कि गुरू नानकदेव जी ने नाम जपो-कीरथ करो और वंड छको का फलसफा दिया था। उसी को ध्यान में रखकर बहुत ही धूमधाम के बीच गुरूपर्व मनाया जा रहा है और गुरू नानकदेव जी के संदेशों का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। उन्होने बताया कि मंगलवार, 24 नवंबर को दोपहर वक्त में भोग बाद अटूट गुरू लंगर में सभी धर्मों के लोग शिरकत कर अनेकता में एकता को प्रदर्शित करते हुए प्रसाद छकेंगे। ध्यान योग्य यह कि श्री गुरू नानकदेव प्रकाशोत्सव को लेकर स्थानीय श्री सिंह गुरूद्वारा प्रबंधन समिति से जुड़े सदस्यों, पदाधिकारियों, प्रमुख लोगों, समुदाय की महिलाओं, नौजवानों, उत्साही वृद्धों के साथ-साथ श्री गुरूद्वारा प्रबंधन समिति अध्यक्ष सरदार गुरूचरण सिंह बागड़ी, नगरपार्षद राखी बागड़ी, सरदार जसवंत सिंह, कृपाल सिंह, सरदार प्रीतपाल सिंह बिल्लू, सरदार प्रीतम सिंह, बिजेन्द्र सिंह खन्ना, सुनील प्रेम सिंह, सोनू सावरिया, जीतू पहाडिय़ा, जसबीर सिंह, निशांत सिंह आदि समेत समूचे सिख समाज के तमाम लोग तथा मातृशक्ति भी जी जान से जुटे है।

भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई का 29 को सोहना में होगा जोरदार स्वागत : भाजपा नेत्री पलक वर्मा



ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रही और भाजपा की क्षेत्र में वरिष्ठ नेत्री व शिक्षाविद डाक्टर पलक वर्मा ने बताया कि भाजपा नेता व पूर्व लोकसभा सांसद कुलदीप बिश्नोई का 29 नवम्बर को सोहना के रास्ते मेवात जाते वक्त उनकी अगुवाई में पार्टी कार्यकर्ता उनका सोहना में जोरदार स्वागत करेंगे। उन्होने बताया कि इस दिन पुन्हाना अनाजमंडी में कुलदीप बिश्नोई के सम्मान में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन रखा गया है। जिसको लेकर क्षेत्र के लोगों में जबरदस्त उत्साह का माहौल नजर आ रहा है।

कार्तिक पूर्णिमा पर गर्मचश्मा श्रीशिवकुंड पर आज भरेगा मेला : संदीप सिंगला कालू



ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। श्रीशिवकुंड गर्मचश्मा प्रबंधन कमेटी के प्रधान जगजीत सिंह राणा तथा श्री शिवकुम्भ साखमजती अधमर्षण रक्षा सभा के वरिष्ठ उपप्रधान संदीप सिंगला कालू, श्री शिवकुंड कमेटी में मुख्य सलाहकार व शिक्षाविद पवन वर्मा, श्री शिवकुंड कमेटी में उपाध्यक्ष कुंवर महेन्द्र सिंह राणा और श्री शिवकुंड कमेटी के पूर्व में मैनेजर रहे राजेश राघव ने बताया कि कार्तिक मास की पूर्णिमा पर मंगलवार, 24 नवम्बर को ऐतिहासिक गर्मचश्मा श्री शिवकुंड पर कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य में भरने वाले मेले की चल रही सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। श्री शिवकुंड स्थल को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। गंधक युक्त गर्म पानी वाले कुंडों की विशेष सफाई कराई गई है। पुलिस ने भी श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किए गए है। मेले में पुलिस प्रशासन का भी पूरा इंतजाम रहेगा और महिला पुलिस भी विशेष रूप से तैनात रहेगी। श्रीशिवकुंड गर्मचश्मा प्रबंधन कमेटी कुंड पर स्नान व पूजा अर्चना के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हर संभव कदम गए है। उपरोक्तजनों ने बताया कि इस दिन शिवकुंड पर स्नान करने, दीपदान करने और पूजा अर्चना करने का विशेष महत्व है। इस दिन श्रद्धालु देव दीवाली भी मनाते है और अपने घरों से देशी घी के दीपक यानि दीए लाकर श्री शिवकुंड स्थित मंदिरों के साथ-साथ पूरे शिवकुंड को दीयों से जगमग करते हुए सजाते है। उन्होने बताया कि इस दिन भगवान विष्णु की पूजा की जाती है और इस दिन व्रत करने से घर में यश और कीर्ति की प्राप्ति होती है। इस दिन श्री सत्यनारायण भगवान की कथा जरूर सुननी चाहिए। मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना के साथ-साथ तुलसी के पौधों के पास दीपक जरूर जलाना चाहिए। ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव के दर्शन करने से सात जन्मों तक व्यक्ति ज्ञानी और धनवान होता है। श्रीशिवकुंड पर इस दिन स्नान करने के बाद दीपदान और मंदिरों में पूजा अर्चना का विशेष महत्व है। इस दिन ऋतु फल, संतरा, सेब, सरीफा व अन्य फल, उड़द दाल, चावल और सफेद चीजों का दान शुभ माना गया है। इस मौके पर शिवकुंड कमेटी के पूर्व प्रधान योगेश राणा, आचार्य लोकेश भारद्वाज, चमनपुरी गोस्वामी, स्थानीय व्यापारमंडल संघ के प्रधान मनोज राघव बजरंगी, भाजपा नेता जितेन्द्र राणा, रिंकू राघव, धर्मेन्द्र सिंगला, मास्टर खूबीराम, मास्टर अनिल वशिष्ठ आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे।

सोहना आईएमटी में स्टार्टअप को मिलेगा जमकर बढ़ावा : भाजपा नेता राकेश जैन



ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा श्री शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन राकेश जैन झिरकिया ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार में सोहना आईएमटी के अच्छे दिनों की शुरूआत हो गई है। खुशी की बात यह है कि सोहना आईएमटी में सरकार ने 5 हैक्टेयर जमीन पर नए उद्यमियों को तत्काल प्रभाव से काम शुरू करने के लिए प्लग एंड प्ले जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। उन्होने बताया कि प्लग एंड प्ले ढांचा एक ऐसी व्यवस्था का आधुनिक माडल है, जिसमें किसी सिस्टम, उपकरण या व्यवसाय को शुरू करने के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं पहले से तैयार मिलती है। उद्यमी को केवल अपना उपकरण जोडऩा या मशीने लगाना होता है। उन्होने बताया कि सोहना आईएमटी में औद्योगिक प्लॉट के साथ अत्याधिक चौड़ी सडक़ें, बिजली-पानी की समुचित सुविधाएं, उद्योग व उद्यमियों के लिए सुरक्षा और अन्य जरूरी बुनियादी ढांचा मिलेगा। भाजपा नेता राकेश जैन झिरकिया ने बताया कि रेडी टू मूव यानी पूर्ण रूप से तैयार कारखाने उपलब्ध कराने में जहां उद्यमी को शुरूआती लागत कम आएगी, वही उद्यमी को काम शुरू करने वाले स्थल पर ही व्यवसाय चलाने के लिए सभी जरूरी बुनियादी सुविधाएं वही बैठे-बैठे उपलब्ध होगी। खुशी की बात यह है कि सोहना आईएमटी में सरकार ने विश्वस्तरीय प्रयोगशालाएं और पायलेट स्केल सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष फोकस किया है। ऐसा होने से स्टार्टअप को अपने शोध को व्यावसायिक उत्पादों में बदलने में मदद मिलेगी। खुशी की बात यह है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार ने इस कार्य के लिए अलग से 500 करोड़ का कोष बनाया है ताकि सोहना आईएमटी में नए उद्योगों और उद्यमियों को भरपूर बढ़ावा मिले। भाजपा नेता राकेश जैन झिरकिया ने बताया कि सोहना आईएमटी में 500 एकड़ में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण कलस्टर विकसित किया जा रहा है। इसके अलावा लिथियम आयरन बैटरी उद्योग, इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग, ऑटोकम्पोनेंटस और आईटी सेक्टर से जुड़े स्टार्टअप के लिए बड़ा ईको सिस्टम बन रहा है। इसके अलावा यहां पर एमएसएमई प्रौद्योगिकी केन्द्र और आधुनिक डिजाइन केन्द्र के माध्यम से नए-नए निर्माताओं को तकनीकी मार्गदर्शन और प्रोटोटाइप बनाने में सहयोग मिलेगा।

गंगास्नान के उपलक्ष्य में व्यापारी समाज आज करेगा विशाल भंडारा : टेकचंद सिंगला

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर गंगास्नान पर्व के उपलक्ष्य में बड़ा बाजार क्षेत्र का व्यापारी समाज 24 नवंबर को बड़ा बाजार में आपस में परस्पर सहयोग से इकटठा की गई धनराशि से विशाल भंडारे का आयोजन करेगा। यहां पर रविवार को उपरोक्त जानकारी देते हुए समाजसेवी टेकचंद सिंगला, गोपालमणि जैन, प्रीतम जैन सर्राफ, राममणि जैन, ठाकुर कृपाल सिंह, पवन सिंगला, युवराज सिंह, चिंटू, यश सिंगला, राजू पठान, नरेन्द्र जैन, अशोक वर्मा, ललित, चंद्रमणि जैन, मनमोहन जैन, मयंक जैन, युवा समाजसेवी सार्थक जैन, संकेत जैन आदि ने बताया कि बड़ा बाजार क्षेत्र का व्यापारी समाज गंगास्नान के उपलक्ष्य में आपसी सहयोग से भंडारा चलाता है। इस दिन यहां पर ऐतिहासिक व धार्मिक स्थान गर्मचश्मा श्रीशिवकुंड पर गंगास्नान पर्व के उपलक्ष्य में विशाल मेला भरता है। उन्होने बताया कि भंडारा आयोजन को लेकर चल रही तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई है।

संत गुरु रविदास का समरसता और समानता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना हमारा संकल्प : योगेश तंवर

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा अनुसूचित मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सीएम विंडो में एमिनेट पर्सन योगेश तंवर व जिलापार्षद कैलाशवती तंवर ने कहा कि संत गुरु रविदास का जीवन सामाजिक समरसता, समानता और मानवता का प्रेरणास्रोत है। उनकी 650वीं जयंती के अवसर पर आयोजित रैली ऐतिहासिक होगी। भाजपा अनुसूचित मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सीएम विंडो में एमिनेट पर्सन योगेश तंवर व जिलापार्षद कैलाशवती तंवर ने कहा कि संत गुरु रविदास के विचार आज भी समाज को एकता, भाईचारे और समानता की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ रैली की तैयारियों में जुटें तथा संत गुरु रविदास के संदेश को घर-घर तक पहुंचाए।

महेन्द्रगढ़ में जेजेपी करेगी रिकॉर्ड रैली-भाजपा का घमंड तोड़ेगी जनता : जजपा नेता नगेन्द्र डागर

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): जजपा युवा के प्रदेश उपाध्यक्ष नगेन्द्र डागर ने बताया कि छह दिसंबर को जेजेपी अहीरवाल की पावन धरा महेंद्रगढ़ में ऐतिहासिक रैली करने जा रही है, जिसका असर हरियाणा की राजनीति में देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से जेजेपी रिकॉर्ड तोड रैली करेगी और भाजपा का घमंड तोडेगी। जजपा युवा के प्रदेश उपाध्यक्ष नगेन्द्र डागर ने कहा कि भाजपा ने धान की खरीद में बड़ा घोटाला करके किसानों के हकों पर डाका डाला है। उन्होंने कहा कि फसलों के दामों में केवल मामूली बढ़ोतरी करके सरकार किसानों की आमदनी दोगुना करने का दावा कैसे कर सकती है ? उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के शासनकाल में किसानों को समय पर न तो डीएपी मिल रही है और न ही यूरिया उपलब्ध हो पा रही है। उन्होंने कहा कि आज किसान अपनी फसल बेचने के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं और प्रदेश के किसानों की ऐसी स्थिति पहले कभी नहीं देखी गई। उन्होने कहा कि बीजेपी से हर वर्ग दुखी है और जनता प्रदेश में बदलाव लाना चाहती है।

नारनौल अनाजमंडी के व्यापारी महेश धरसू वाले के गोदाम में 25 लाख रुपए के ड्राईफ्रूट की चोरी

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): नारनौल की अनाजमंडी में ड्राईफ्रूट के प्रसिद्ध व्यापारी महेश धरसू वाले, जिन्होंने सालों की मेहनत, ईमानदारी और व्यवहार से अपनी एक पहचान बनाई हैं और ड्राईफ्रूट के व्यापार में कामयाबी हासिल की हैं। नारनौल के छिप्पी जोड़ पर व्यापारी महेश का एक गोदाम है, जहाँ वो काजू, बादाम, किशमिश जैसे कीमती ड्राई फ्रूट्स का स्टॉक रखते थे। यही माल उनकी पूंजी थी, यही उनका कारोबार था मगर रविवार की एक रात ने सब कुछ बदल दिया। रात के अंधेरे में चोर आए, गोदाम का शटर तोड़ा और करीब पच्चीस लाख रुपए का माल चुरा ले गए। सुबह जब गोदाम खोला गया तो शटर टूटा हुआ था, अंदर सन्नाटा था और डिब्बे खाली थे। महेश जी के पैरों तले से ज़मीन खिसक गई। व्यापारी महेश के गोदाम से चोर सारा ड्राईफ्रूट चुरा ले गएं। सुबह जब अखिल भारतीय व्यापार सुरक्षा मंच के नारनौल सिटी प्रधान अमित गोयल को जब व्यापारी के यहां चोरी की जानकारी मिली तो उन्होंने व्यापारी महेश के साथ सिटी थाना शहर में जाकर एसएचओ से मुलाकात की और एफआईआर दर्ज कराई। एसएचओ ने विश्वास दिलाया कि चोरों को शीघ्र ही गिरफ्तार कर व्यापारी के माल को बरामद कराने की कोशिश करेंगे।

खाद्य पदार्थों में पाई गई मिलावटखोरी-दूध, पनीर, खोया, मिठाई से लेकर घी तक के सैंपल आए फेल

कई नामी-गिरामी दुकानों से भरे गए विभिन्न खाद्य वस्तुओं के सैंपलों की रिपोर्ट आई फेल

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): विवाह-शादियों का सीजन शुरू हो गया है। इसके साथ ही दीवाली के आसपास विभिन्न खाद्य पदार्थों के भरे गए सैंपलों की रिपोर्ट आनी शुरू हो गई है। अहम बात यह है कि दूध, दही, खोया, पनीर से लेकर घी और मिठाई तक के भरे गए सैंपल फेल आ रहे है। ऐसे में अब विवाह-शादियों में शामिल होने वाले लोग रोटी चुपडने में उपयोग हो रहे घी, खोया से बनाए गए गुलाबजामुन व अन्य तरह की मिठाईयों के साथ-साथ पनीर की सब्जी और पनीर से बनाए गए व्यंजनों से मुंह मोडकर हरी सब्जियों को भोजन में विशेष तरजीह दे रहे है। लोगों का कहना है कि जान है तो जहान है। यदि शरीर स्वस्थ रहेगा तो ही उनकी जान सुरक्षित बचेगी। हालाकि बिना खाद्य पदार्थों के प्राणी का जीवन नही है लेकिन जब खाद्य पदार्थ सुरक्षित ना हो तो ठीक स्वास्थ्य की कल्पना कैसे की जा सकती है। जिसका उददेश्य लोगों को खराब व दूषित खानपान के प्रति जागरूक करना होता है लेकिन खाद्य सुरक्षा विभाग की दीवाली और उससे पहले बाजार में हलवाईयों और विभिन्न दुकानों पर भरे गए सैंपलों की आई रिपोर्ट पर नजर डाले तो रिपोर्ट बता रही है कि आपके घर में खाने-पीने की जो चीजें पहुंच रही है, वह तनिक भी शुद्ध नही है। दूध से बने उत्पादों में मिठाई, केक, पनीर, छैना, क्रीम, खोया और दूध, बादाम बर्फी तथा मिठाई से लेकर देशी घी तक के भरे गए सैंपलों की रिपोर्ट फेल आने से जाहिर है कि बाजार में मिलावटखोरों का बोलबाला है, जो ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ करने से बाज नही आ रहे है। जांच के दौरान पनीर के सैंपल में प्रोटीन के पाए जाने वाले सेपलीमेंट कम मिले है तो खोया का नमूना भी जांच के दौरान फेल आया है। अब जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने मिलावटी वस्तु बेचने वाले जिन दुकानदारों के भरे गए सैंपल सबस्टैंडर्ड, अनसेफ मिस ब्रांडेड और खाद्य सुरक्षा मानकों के विपरीत पाए गए है, उन्हे कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जारी किए गए नोटिसों का जवाब प्राप्त होने के बाद मिलावटी वस्तु बेचने वाले पहचान में आए इन दुकानदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और जो भी दुकानदार जारी नोटिसों का समय पर जवाब नही देगा, उसका मामला अदालत में दायर किया जाएगा। अहम बात यह है कि चंद दिनों पहले दीवाली के त्यौहार और उससे पहले मुख्यमंत्री उडनदस्ते की छापामार टीम ने जब खाद्य सुरक्षा अधिकारी के साथ छापेमारी के दौरान विभिन्न स्थानों से विभिन्न वस्तुओं के सैंपल भरकर जांच के लिए प्रयोगशाला में भिजवाए। बावजूद इसके आज भी विभिन्न स्थानों पर बाजारों में डिब्बा बंद घी, खुले दूध और मिलावटी देशी घी की बिक्री हो रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सत्ताईस अक्टूबर को यहां सेक्टर सैतीस स्थित बीकानेर स्वीटस एंड रेस्तरा से बादाम खोया बर्फी का लिया गया नमूना जांच में अनसेफ घोषित किया गया है तो हरिनगर स्थित फार्मफ्रेश डेयरी से पनीर व खोया के लिए गए नमूने दोनों सबस्टैंडर्ड मिले है। इतना ही नही मुनफेड डेयरी फूडस और सूरज डेयरी एवं रसगुल्ला भंडार से पनीर के लिए गए नमूने भी गुणवत्ता के निर्धारित मानकों पर खरे नही उतरे तो लक्ष्मीनारायण ट्रेडर्स से घी का लिया गया नमूना भी जांच में सबस्टैंडर्ड मिला है। आंकड़ों पर नजर डाले तो इक्कीस से अठाईस अक्टूबर के बीच सोहना समेत जिले भर में खाद्य पदार्थों के भरे गए सैंपलों की रिपोर्ट में कई खाद्य पदार्थ गुणवत्ता मानकों पर सही नही उतरे है और भरे गए सैंपल जांच में फेल आए है। संबंधित विभाग को प्रयोगशाला से अभी और भी काफी सैंपलों की जांच रिपोर्टों का इंतजार है। मुख्यमंत्री उडनदस्ते में कार्यरत इंस्पेक्टर सुरेश चंद और खाद्य सुरक्षा अधिकारी डाक्टर मनोज कुमार से मिली जानकारी के मुताबिक खाद्य वस्तुओं की गुणवत्ता जांचने के लिए आगे जांच अभियान और तेजी से चलेगा। शहर हो या गांव हर जगह से खानपान की वस्तुओं के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजे जाएंगे। दूध डेयरियों, हलवाईयों, परचून सामान विक्रेताओं, मक्खन, घी, दूध, दही विक्रेताओं पर उनका विशेष फोकस रहेगा। यहां पर वरदान अस्पताल व ट्रामासेंटर के निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव ने बताया कि कोरोना महामारी के बाद काफी लोग पौष्टिक भोजन का महत्व समझने लगे है। घरों के साथ-साथ विवाह-शादियों और तीज-त्यौहारों पर लोग अब दाल-चपाती, हरी सब्जी और सलाद को तरजीह दे रहे है तथा बर्गर, पिज्जा, पैटीज, कोल्डड्रिंक व पैकिट बंद सामग्री से लोग परहेज बरत रहे है।

ब्रह्माकुमारीज़ भौंड़सी के 10वें वार्षिकोत्सव पर आयोजित हुआ 'संगम ब्राइंडगिंग जनरेशनस" कार्यक्रम

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव भौंड़सी में रहने वाले भारत रक्षामंच के प्रांतमंत्री रामकिशन राघव ने बताया कि प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के भोंडसी सेवा केंद्र द्वारा 10वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में संगम ब्राइंडगिंग जनरेशनस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पुरानी और नई पीढ़ी के बीच आध्यात्मिक मूल्यों, सकारात्मक सोच और आपसी सहयोग का सुंदर सेतु स्थापित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ सोहना से पधारीं राजयोगिनी बी.के. अलका दीदी द्वारा कराई गई सामूहिक राजयोग मेडिटेशन कमेंट्री से हुआ। इसके पश्चात ओम शांति रिट्रीट सेंटर, बिलासपुर से पधारीं बी.के. निकिता दीदी ने ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान का संक्षिप्त परिचय देते हुए संस्था की आध्यात्मिक एवं सामाजिक सेवाओं पर प्रकाश डाला। इसके बाद बच्चों द्वारा आकर्षक सामूहिक नृत्य प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बी.के. कबीर भाई ने लगभग 35 मिनट के प्रेरणादायक सत्र में जीवन में सकारात्मक परिवर्तन, आत्मिक शक्ति और आध्यात्मिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने मेडिटेशन के माध्यम से सभी को आंतरिक शांति और आत्मिक अनुभूति का अनुभव भी कराया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में प्रथम महिला आईपीएस अधिकारी एवं नवज्योति इंडिया फाउंडेशन की संस्थापक डाक्टर किरण बेदी का आगमन हुआ। उनका स्वागत विशेष नृत्य प्रस्तुति के साथ किया गया। इस अवसर पर भौंड़सी क्षेत्र में सामाजिक कार्यों एवं समाज सेवा में योगदान देने वाले सामाजिक कार्यकर्ताओं को डॉ. किरण बेदी जी द्वारा सम्मानित किया गया। इसके पश्चात बी.के. बबीता ने ब्रह्माकुमारीज भौंड़सी सेवा केंद्र की दस वर्षों की प्रेरणादायक सेवा यात्रा प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि भोंडसी में ईश्वरीय सेवाओं का सफर कई वर्षों पहले अंगूरी देवी माताजी के घर से प्रारंभ हुआ था। नवंबर-2016 में शिव नारायण शर्मा जी द्वारा अपना पैतृक निवास सेवा केंद्र के लिए समर्पित करने के बाद यहां नियमित रूप से रहकर सेवाओं का विस्तार हुआ। इन दस वर्षों में सेवा केंद्र द्वारा राजयोग मेडिटेशन, तनाव प्रबंधन, नशामुक्ति अभियान, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नैतिक शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर तथा विभिन्न सामाजिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का निरंतर प्रयास किया गया। कार्यक्रम में बी.के. अंजुला दीदी जी ने 'वर्ड ऑफ विजडम' के माध्यम से सभी को आध्यात्मिक जीवन, श्रेष्ठ संस्कारों और जीवन में मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। मुख्यातिथि डाक्टर किरण बेदी के प्रस्थान के पश्चात केक कटिंग के साथ दस वर्षों की इस गौरवशाली यात्रा का उत्सव मनाया गया। इन दस वर्षों में सेवा केंद्र द्वारा राजयोग मेडिटेशन, तनाव प्रबंधन, नशामुक्ति अभियान, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में नैतिक शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्वच्छता अभियान, रक्तदान शिविर तथा विभिन्न सामाजिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का निरंतर प्रयास किया गया। शैफाली दीदी गुलजार उपवन मानेसर से दीदी ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि जब अनुभव और ऊर्जा, संस्कार और आधुनिक सोच तथा आध्यात्मिकता और सामाजिक जिम्मेदारी एक साथ आते हैं, तो एक सुंदर और सशक्त समाज का निर्माण होता है। संगम केवल एक वार्षिकोत्सव नहीं, बल्कि दस वर्षों की सेवा, समर्पण और पीढ़ियों को जोड़ने के संकल्प का उत्सव रहा।

जिला परिषद के सीईओ सुमित कुमार ने समाधान शिविर में सुनीं नागरिकों की शिकायतें : ओपी तंवर

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव सिलानी में रहने वाले जिलापरिषद उपचेयरमैन ओपी तंवर ने बताया कि जिला परिषद के सीईओ सुमित कुमार ने सोमवार को लघु सचिवालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतें सुनीं। शिविर में कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुईं। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को शिकायतों पर प्राथमिकता से कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सुनवाई के दौरान उन्होंने अधिकारियों से मामलों की स्थिति की जानकारी ली और लंबित शिकायतों पर तेजी से कार्यवाही करने को कहा। जिलापरिषद उपचेयरमैन ओपी तंवर ने बताया कि इस मौके पर बोलते हुए सीईओ सुमित कुमार ने कहा कि समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए और उनके समाधान की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। अधिकारी शिकायतों की नियमित समीक्षा करें और जिन मामलों में विभागीय स्तर पर कार्यवाही लंबित है, उन्हें तय समय में पूरा करें। साथ ही, शिकायतकर्ताओं को उनके मामलों में हुई प्रगति की जानकारी भी दी जाए, ताकि उन्हें बार-बार कार्यालयों में न आना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने और नागरिकों की समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहने को कहा। शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए और प्रत्येक मामले में जिम्मेदारी के साथ कार्यवाही की जाए। उन्होंने बताया कि जिला एवं उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार और बृहस्पतिवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं। इन शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर नागरिकों की शिकायतें सुनते हैं और उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्यवाही करते हैं। आमजन इन शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रख सकते हैं। जिलापरिषद उपचेयरमैन ओपी तंवर ने बताया कि इस अवसर पर एमओ डॉ. हरीश कुमार, सीएम विंडो की एमिनेंट पर्सन सुषमा शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

वरिष्ठ साहित्यकार डाक्टर रामनिवास 'मानव" को उत्तर प्रदेश में मिला दोहरा सम्मान : ओपी सैनी प्रधान सैनी युवा संगठन

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर सैनी युवा संगठन के प्रधान ओपी सैनी ने बताया कि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. रामनिवास 'मानव' को, उनकी आजीवन साहित्य-साधना के दृष्टिगत, साहित्य-उदधि सम्मान से सम्मानित किया गया है। केबी हिंदी-सेवा न्यास, बिसौली (उत्तर प्रदेश) के तत्त्वावधान में आयोजित 12वें अंतरराष्ट्रीय साहित्यकार सम्मान-समारोह में, उत्तराखंड के पूर्व पुलिस महानिदेशक केवल खुराना की स्मृति में दिये जाने वाले इस सम्मान के अंतर्गत शॉल, सम्मान-पत्र, स्मृति-चिह्न और पाँच हजार की नकद राशि भेंट कर उन्हें इस विशिष्ट सम्मान से नवाजा गया। डाक्टर नितिन सेठी (बरेली) के कुशल संचालन तथा बदायूँ के प्रमुख साहित्यकार और समाजसेवी अशोक खुराना की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में सिंघानिया विश्वविद्यालय, पचेरी बड़ी (राजस्थान) के प्रोफेसर एवं सांस्कृतिक संकाय के अधिष्ठाता डॉ. रामनिवास 'मानव' मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। सैनी युवा संगठन के प्रधान ओपी सैनी ने बताया कि इस मौके पर बोलते हुए डाक्टर रामनिवास 'मानव' ने कहा कि आज साहित्य तो बहुत रचा जा रहा है लेकिन उसकी प्रासंगिकता निरंतर घटती जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि देश और समाज से जुड़ा साहित्य ही कालजयी होता है। सैनी युवा संगठन के प्रधान ओपी सैनी ने बताया कि अपने अध्यक्षीय वक्तव्य में अशोक खुराना ने कहा कि साहित्य, संवेदना के स्तर पर, व्यक्ति और समाज को जोडने का महत्त्वपूर्ण कार्य करता है। इससे पूर्व न्यास के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सतीशचंद्र शर्मा 'सुधांशु' ने, सभी अतिथियों तथा आमंत्रित साहित्यकारों का स्वागत करते हुए, अपनी संस्था के उद्देश्यों और उपलब्धियों को रेखांकित किया। समारोह में एक दर्जन पुस्तकों का विमोचन हुआ तथा देश-विदेश के पचास से अधिक साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि विभिन्न विधाओं की पाँच दर्जन से अधिक पुस्तकों के लेखक-संपादक तथा भारत, नेपाल, जापान, इंडोनेशिया, कतर, अमेरिका, कनाडा आदि देशों की डेढ़ सौ से अधिक संस्थाओं द्वारा पुरष्कृत-सम्मानित डॉ. रामनिवास 'मानव' के साहित्य पर एमफिल्, पीएचडी और डीलिट् हेतु पिचहत्तर बार शोधकार्य संपन्न हो चुका है। देश-विदेश की अनेक भाषाओं में इनकी विविध रचनाएँ अनूदित तथा आधा दर्जन बोर्डों और विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रमों में सम्मिलित हो चुकी हैं। यही नहीं, इनकी 'खेल' और 'इतिहास गवाह है' शीर्षक दो लघुकथाओं पर गुजराती भाषा में टेली फिल्में भी बन चुकी हैं।

गुर्जर भवन में पंचायत जोड़कर 6 गांवों के ग्रामीणों ने लिया मुख्यमंत्री से मिलने का निर्णय

ग्रामीण मुख्यमंत्री से मिलकर लगाएंगे मुआवजा बढ़ाने की गुहार

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर 6 गांवों की जमीन अधिग्रहण वाले मामले में सरकार की तरफ से घोषित की गई मुआवजा राशि को बहुत ही कम बताते हुए प्रभावित किसानों ने इस मामले में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलकर मुआवजा राशि बढ़ाए जाने की गुहार लगाने का निर्णय लिया है। आज यहां राजेश पायलट चौक पर स्थित गुर्जर भवन में इस मसले पर जुड़ी पंचायत में 6 गांवों से आए ग्रामीणों और प्रभावित किसानों ने कई घंटों लम्बी चली पंचायत में सर्वसम्मति बनाकर इस मामले में 21 सदस्यीय समिति गठित कर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलकर जमीन की मुआवजा राशि बढ़ाए जाने की अपनी मांग को तर्क पूर्ण आधार पर प्रभावशाली तरीके से रखने का निर्णय लिया है। आज जोड़ी गई इस पंचायत में गांव बहरामपुर, उल्लावास, कादरपुर, मैदावास, धूमसपुर और बादशाहपुर के ग्रामीण, प्रभावित किसान और पंच-पटेल शामिल हुए। इस पंचायत की अध्यक्षता किसान नेता चौधरी अनंतराम तंवर ने की। इन 6 गांवों की पंचायत जुडने की जानकारी मिलने पर सोहना हलका से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर भी पंचायत में पहुंच गए और पंचायत में बोलते हुए विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने कहा कि वह इस मामले में पूरी तरह किसानों के साथ खड़े है। उन्होने पंचायत में यह भी भरोसा दिया कि वह खुद पंचायत प्रतिनिधियों की मुख्यमंत्री से मुलाकात कराने के लिए जल्द ही मुख्यमंत्री से समय लेकर गठित की गई 21 सदस्यीय समिति की मौजूदगी में मुलाकात कराएंगे और इतना ही नही ग्रामीणों की उठाई गई मांग को वह मुख्यमंत्री के समक्ष पुरजोर तरीके से रखते हुए भूमि की मुआवजा राशि बढ़ाने की मांग करेंगे। प्रभावित किसानों के साथ किसी भी तरह का अन्याय नही होने दिया जाएगा। इससे पूर्व पंचायत में बोलते हुए ने कहा कि आज जमीनों के दिनोंदिन तेजी से बढ़ रहे भाव को देखते हुए अधिग्रहीत की जाने वाली जमीन का मुआवजा कम से कम 30 करोड़ रुपए प्रति एकड़ मिलना चाहिए। ध्यान रहे कि यहां पर गांव बहरामपुर, उल्लावास, कादरपुर, मैदावास, धूमसपुर, बादशाहपुर आदि गांवों की जमीन को अधिगृहीत कर सोहना रोड़ से जोडने वाले ग्रेटर एसपीआर के लिए भूमि अधिग्रहण विभाग ने उपरोक्त 6 गांवों की जमीन का मुआवजा रेट घोषित कर दिया है। इन गांवों में जमीन मालिकों को अलग-अलग दरों के आधार पर प्रति एकड़ 4.92 करोड़ रुपए से लेकर 8.25 करोड़ रुपए तक का मुआवजा मिलेगा और जमीन अधिग्रहण की एवज में करीब 986 करोड़ रुपए जमीन मालिकों को मिलेगा। एचएसवीपी के आग्रह पर ग्रेटर एसपीआर के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण विभाग की तरफ से जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। उन्होने बताया कि गांव बहरामपुर में जमीन मालिकों को 5.26 करोड़ रुपए, गांव उल्लावास में जमीन मालिकों को 4.96 करोड़ रुपए, गांव कादरपुर में जमीन मालिकों को 4.92 करोड़ रुपए और गांव मैदावास में जमीन मालिकों को 6.17 करोड़ रुपए, गांव धूमसपुर में 5.19 करोड़ रुपए और सबसे ज्यादा महंगे दामों पर गांव बादशाहपुर में 8.25 करोड़ रुपए प्रति एकड़ जमीन मुआवजा तय किया गया है। ध्यान देने वाली बात यह है कि भूमि अधिग्रहण की एवज में मुआवजे की दरों का निर्धारण वर्ष-2013 से पहले तहसील कार्यालय में हुई जमीन की रजिस्ट्रियों के आधार पर किया गया है। इसके लिए कुल 100 रजिस्ट्रियों में से सर्वाधिक मूल्य वाली 50 रजिस्ट्रियों का औसत निकाला गया और उसी आधार पर जमीन की कीमत का आकलन किया गया। एचएसवीपी प्रशासक वैशाली सिंह की अध्यक्षता में गठित की गई कमेटी ने मुआवजे की दरों को अंतिम रूप दिया है। उन्होने बताया कि ग्रेटर एसपीआर के लिए वर्ष-2013 में जमीन अधिग्रहण के नोटिस जारी किए गए थे। उस दौरान कुछ जमीन मालिकों ने अधिग्रहण की प्रक्रिया को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में चुनौती देते हुए स्टे प्राप्त कर लिया था। जिसके बाद यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया और पिछले वर्ष अदालत से स्टे हटने के कारण जमीन अधिग्रहण की प्रकिया आगे बढ़ी। उन्होने बताया कि संबंधित विभाग की तरफ से जमीन मालिकों को इस अवधि का ब्याज देने का प्रावधान मुआवजे में नही किया गया है तो कुछ जमीन मालिकों ने भूमि अधिग्रहण अधिकारी के सामने अपनी आपत्ति जाहिर करते हुए सवाल उठाया कि जब उन्होने अदालत से स्टे नही लिया, तब भी उन्हे ब्याज से क्यो वंचित रखा जा रहा है लेकिन संबंधित विभाग ने स्टे की अवधि का ब्याज देने से साफ इंकार कर दिया है। वही अब जमीन अधिग्रहण की एवज में मुआवजा राशि को कम बताकर ग्रामीण पंचायत जोड़ रहे है।

सुप्रीमकोर्ट ने सोहना में दी घर खरीददारों को राहत-बिल्डर लाबी को लगा झटका

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सुप्रीमकोर्ट के शिवनगरी सोहना स्थित कृष्णा हाउसिंग स्कीम के घर खरीददारों को बड़ी राहत दिए जाने से जहां संबंधित बिल्डर को जोर का झटका धीरे से लगा है, वही सुप्रीमकोर्ट के बिल्डर-बैंक साठगाठ की जांच के बाद ही किस्त चुकाने के दिए गए आदेश से बिल्डर लाबी में बेचैनी व हडक़म्प का माहौल नजर आ रहा है। सुप्रीमकोर्ट ने अपने निर्णय में साफ-सपाट कहा है कि जब तक साबित ना हो जाए कि घर खरीददार ने कर्ज चुकाने में कोई चूक की है, तब तक सक्षम अदालत उसे होम लोन की किस्ते चुकाने का अंतरिम आदेश नही दे सकती है। इसके लिए पहले यह जांच भी बहुत ही जरूरी है कि बैंक और बिल्डर के बीच कर्ज की रकम जारी करने की प्रक्रिया में क्या समझौता हुआ था और उसका पालन किया गया अथवा नही। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने हाल ही में ग्लोबलसिटी व साइबरसिटी के नाम से विख्यात जनपद गुरूग्राम जिला के सोहना स्थित कृष्णा हाउसिंग स्कीम के घर खरीददारों की याचिका पर यह आदेश दिया है। इस परियोजना को निजी कम्पनी रियल एस्टेट डवलपर रहेजा डवलपर्स लिमिटेड ने शुरू किया था। सुप्रीमकोर्ट ने याचिकाकर्ताओं और उनके जैसी स्थिति वाले अन्य घर खरीददारों को राहत देते हुए कहा कि उनके खिलाफ फिलहाल कोई जबरन वसूली या दंडात्मक कार्रवाई नही की जाए। साथ ही सुप्रीमकोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि वह फिलहाल मामले के गुण-दोष पर कोई राय नही दे रहा है। सुप्रीमकोर्ट ने कहा कि सक्षम अदालत की पहली जिम्मेदारी है कि वह बिल्डर और बैंक के अधिकारियों के बीच साठगाठ की जांच करे और यह देखे की बैंक ने 3 पक्षों के बीच हुए समझौते की शर्तों के मुताबिक ही बिल्डर को कर्ज की रकम जारी की थी या नही। जब तक यह स्पष्ट रूप से तय नही हो जाता कि घर खरीददारों ने भुगतान में चूक की है, तब तक उन्हे किस्ते चुकाने का कोई अंतरिम आदेश नही दिया जा सकता है। अहम बात यह है कि कृष्णा हाउसिंग स्कीम आवासीय परियोजना के लिए घर खरीददारों, भारतीय स्टेट बैंक(एसबीआई) और रहेजा डवलपर्स के बीच 3 पक्षों का समझौता हुआ था। इसके तहत घर खरीददारों ने मकान खरीदने के लिए बैंक से कर्ज लिया था। आरोप है कि रहेजा डवलपर्स ने समझौते में किए गए वादों को पूरा नही किया। समझौत के मुताबिक बैंक से बिल्डर को कर्ज की रकम निर्माण कार्य की प्रगति के आधार पर जारी की जानी थी लेकिन निर्माण कार्य में कोई प्रगति ना होने के बावजूद संबंधित बैंक ने बिल्डर को कर्ज की रकम का भुगतान कर दिया। ध्यान देने वाली बात यह है कि इस मामले में अगस्त-2025 में रहेजा डवलपर्स कारपोरेट दीवाला समाधान प्रक्रिया सीआईआरपी में चला गया। कम्पनी ने राष्ट्रीय कम्पनी कानून न्यायाधिकरण के सामने घर खरीददारों की रकम 6 मासिक किस्तों में लौटाने का प्रस्ताव दिया था। इसी बीच एसबीआई ने खरीददारों से कर्ज वसूली के लिए दिल्ली के साकेत कोर्ट में मुकदमा दायर कर दिया और साकेत कोर्ट ने किस्ते चुकाने के अंतरिम आदेश भी जारी कर दिए थे। इसके खिलाफ घर खरीददार न्याय की गुहार लगाते हुए सुप्रीमकोर्ट में चले गए और सुप्रीमकोर्ट ने कृष्णा हाउसिंग स्कीम के घर खरीददारों को बड़ी राहत देते हुए पहले बिल्डर-बैंक साठगाठ की जांच किए जाने के बाद ही किस्त चुकाने के आदेश संबंधी निर्णय सुनाया। सुप्रीमकोर्ट के इस दिए गए निर्णय को जहां संबंधित बिल्डर और बिल्डर लाबी के लिए जबरदस्त झटका माना जा रहा है।

मंडल रोजगार कार्यालय में 26 को लगेगा रोजगार मेला : डाक्टर रतनपाल खटाना



ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। आईएमटी सोहना चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान तथा एमएफआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष डाक्टर रतनपाल खटाना ने बताया कि मंडल रोजगार कार्यालय, गुरुग्राम की ओर से 26 नवंबर को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला मिनी सचिवालय, गुरुग्राम की पांचवीं मंजिल पर स्थित मंडल रोजगार कार्यालय के कमरा नंबर 513-14 में आयोजित होगा। मंडल रोजगार कार्यालय की ओर से आयोजित इस मेले में एजिस कस्टमर सपोर्ट सर्विस लिमिटेड, भारत पे लिमिटेड, ट्रांसपोर्ट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, जी4एस सिक्योर सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड तथा एनआईआईटी फाउंडेशन सहित कई कंपनियां भाग लेंगी। इन कंपनियों के माध्यम से 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं आईटीआई पास बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाए जाएंगे। आईएमटी सोहना

अग्नि के सामने सात फेरे लेने के बाद नवविवाहित दंपति करेगा बलिदानियों को नमन



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): विवाह मंडप में अग्नि के सामने 7 फेरे लेने के बाद एक-दूसरे का जीवन भर साथ निभाने का वचन देने वाले नवविवाहित दंपति अब एक और संकल्प के साक्षी बनेंगे। यह संकल्प होगा राष्ट्र सर्वोपरि का। विवाह के बाद विदाई लेकर घर जाने से पहले नवदंपति वीर अमर बलिदानियों का नमन करेंगे और उनके सम्मान में 2 मिनट का मौन भी रखेंगे। शहीद परिवार कल्याण फाउंडेशन की तरफ से इस अनूठी परम्परा की शुरूआत आज से की गई है। जिसके तहत नवविवाहित जोड़े को रेजांगला युद्ध स्मारक पर आमंत्रित कर देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त कराई जाएगी और इस पहल का उददेश्य विवाह जैसे व्यक्तिगत और पारिवारिक उत्सव को राष्ट्रीय चेतना से जोडऩा है। नवदंपति के साथ-साथ दोनों परिवारों के सदस्य भी इस मौके पर मौजूद रहकर वीर अमर बलिदानियों के दिए गए बलिदान को याद कर शत-शत नमन करेंगे ताकि आज की युवा पीढ़ी को याद दिलाया जा सके कि आज हम जिस आजादी और सुरक्षित वातावरण में जीवन बिता रहे है, उसके पीछे हंसते-हंसते मां भारती के लिए शहादत देने वाले अमर बलिदानियों का त्याग, तपस्या और दिया गया बलिदान है। देश की सीमाओं पर तैनात जवानों की बदौलत ही देशवासी चैन की नींद सो पाते है। ऐसे में नई जिंदगी की शुरूआत करने वाले नवविवाहित जोड़े का अमर बलिदानियों के प्रति सम्मान व्यक्त करना समाज में राष्ट्र भक्ति की भावना को और मजबूत करने के साथ-साथ राष्ट्र सर्वोपरि वाली भावना को बढ़ावा देने का काम करेगा। पूर्व सैन्य अधिकारी मेजर डाक्टर टीसी राव ने सोहना पत्रकार संघ के अध्यक्ष उमेश गुप्ता को बताया कि फाउंडेशन ने इस पहल के लिए सोमवार को पूर्व सैनिक एलआर यादव के नाती क्षितिज और उनकी पत्नी ज्योत्सना को आमंत्रित किया है। यह नवविवाहित जोड़ा इस नई परम्परा का पहला सहभागी और साक्षी बनेगा। दोनों परिवारों की मौजूदगी में नवविवाहित दंपति जोड़ा रेजांगला युद्ध स्मारक पहुंच कर बलिदानियों के बलिदान को याद कर उनकी दी गई शहादत को नमन करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे और 2 मिनट का मौन रख मां भारती के वीर सपूतों को याद करेंगे। फाउंडेशन के संयोजक एवं पूर्व सैन्य अधिकारी मेजर डाक्टर टीसी राव ने बताया कि इजराइल, रूस और ब्रिटेन जैसे देशों में विवाह के बाद चर्च से निकल कर नवविवाहित जोड़ा सबसे पहले वार मैमोरियल जाते है और युद्ध में बलिदान हुए सैनिकों की शहादत को नमन करते हुए अपनी श्रद्धांजलि देते है। इसी भावना से प्रेरित होकर भारत में भी ऐसी परम्परा विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होने बताया कि सोमवार को इसकी शुरूआत के बाद तीनों भारतीय सेनाओं को भी इसकी जानकारी दी जाएगी। उनका प्रयास रहेगा कि सेना के स्तर पर भी इस पहल को प्रोत्साहन मिले और देश भर में नव विवाहित दंपति विवाह के बाद बलिदानियों को नमन करने वाली इस परम्परा को अपनाए। उन्होने बताया कि यह पहल केवल श्रद्धांजलि तक सीमित नही होगी बल्कि नई पीढ़ी को यह समझाने का प्रयास है कि परिवार और समाज के प्रति जिम्मेदारियों के साथ-साथ राष्ट्र के प्रति कर्तव्य भी उतना ही महत्वपूर्ण है। पूर्व सैन्य अधिकारी मेजर डाक्टर टीसी राव ने बताया कि 7 फेरों के बाद 'राष्ट्र प्रथम-राष्ट्र सर्वोपरि' का संदेश नई पीढ़ी के जीवन का हिस्सा बने, यही इस पहल की मूल भावना है। इधर स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा के संरक्षक व पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष हरीश नंदा राजू, जाने-माने समाजसेवी डाक्टर सतीश जुनेजा, बाली स्वीटस ग्रुप निर्देशक मोहित खटटर व कमल खटटर, बिजली कारोबारी सन्नी पाहूजा, युवा समाजसेवी विपिन मल्होत्रा और भाजपा गुरूग्राम महानगर में जिलाप्रवक्ता व शिक्षाविद नरेन्द्र अधाना सिरसका, भाजपा नेता व शिक्षाविद राकेश जैन झिरकिया, सोहना में व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी, भाजपा नेता व नयागांव ग्रामपंचायत के सरपंच रहे सुरज्ञान सिंह, गांव भौंड़सी में रहने वाले भारत रक्षामंच के प्रांतमंत्री रामकिशन राघव और भारतीय सेना से सेवानिवृत नायक तथा लैबर्नम पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति चेयरमैन पंडित अनिल कौशिक, ग्रीवेसिंग कमेटी मैंबर महेन्द्र यादव, स्थानीय नगरपालिका के पूर्व चेयरमैन राजेन्द्र बागडी व सुभाष सिंगला समेत क्षेत्र के जागरूक लोगों ने वीर अमर बलिदानियों को नमन करने के लिए फाउंडेशन के लिए गए निर्णय पर खुशी जताई और कहा है कि प्रत्येक भारतीय के लिए राष्ट्र सर्वोपरि वाला यह संदेश समाज व देश को नई दिशा देने का काम करेगा। सात फेरों के साथ राष्ट्र प्रथम वाला यह संदेश नई पीढ़ी के जीवन का हिस्सा बने, यही इस पहल की मूल भावना है और जब देश का युवा जागरूक हो जाएगा तो फिर शादी के बाद कही भी अपने नजदीक युद्ध स्मारक या किसी भी वीर जवान के स्मारक स्थल पर जाकर अमर बलिदानी को नमन कर देश की भावी पीढ़ी के लिए भी प्रेरणा बनेगा। ग्रीवेसिंग कमेटी मैंबर महेन्द्र यादव ने बताया कि फिलहाल जागरूकता पैदा करने के लिए भी जिनकी शादी एक सप्ताह के भीतर हुई है, उन्हे युद्ध स्मारक पर आमंत्रित किया जाएगा। उम्मीद है कि धीरे-धीरे यह पहल एक परम्परा के रूप में विकसित होगी। फिर नवदंपति शादी के बाद घर जाने से पहले अपने नजदीक के किसी भी वीर शहीद के स्मारक स्थल या युद्ध स्मारक पर पहुंच कर बलिदानियों को नमन कर देश की भावी पीढ़ी को नई दिशा देने का काम करेंगे।

*पंचायतों की आमदनी बढ़ाने के लिए स्थानीय संसाधनों का करें सदुपयोग : मंत्री कृष्ण लाल पंवार

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा श्री शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन राकेश जैन झिरकिया ने बताया कि स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान की ओर से गुरुग्राम यूनिवर्सिटी में 'हरियाणा में पंचायतों और नगरपालिकाओं का सशक्तिकरण : स्थानीय निकाय से स्थानीय स्वशासन की ओर' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन के पहले दिन पंचायती राज संस्थानों के सत्र में हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए पंचायतों की आमदनी और संसाधन बढ़ाने के लिए ठोस प्रयास करने का आह्वान किया। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि पंचायतें अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करें। पंचायती जमीन का सदुपयोग करते हुए आय के नए स्रोत विकसित किए जाएं। ग्राम पंचायत, ब्लॉक समिति और जिला परिषद की जमीन को भी राजस्व बढ़ाने के लिए उपयोग में लाया जाए। उन्होंने सम्मेलन को पंचायत प्रतिनिधियों के लिए उपयोगी बताते हुए उन्हें अपने अनुभव और सुझाव साझा करने के लिए प्रेरित किया। सत्र में फाइनेंस एवं प्लानिंग विभाग के एसीएस सुधीर राजपाल भी मौजूद रहे। हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा श्री शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन राकेश जैन झिरकिया ने बताया कि सम्मेलन में देशभर से आए पंचायत प्रतिनिधियों ने ग्रामीण विकास के अपने नवाचार साझा किए। महाराष्ट्र के धूलगांव के सरपंच शिवदास चंद्रकांत भोसले ने बताया कि उनकी 'स्टडी बेल' पहल से 43 विद्यार्थियों को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति मिली है। उन्होंने एक मिनट में 4 हजार पौधे लगाने और 25 एकड़ में जैव विविधता वन विकसित करने सहित अपने प्रयासों की जानकारी दी। हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा श्री शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन राकेश जैन झिरकिया ने बताया कि उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के भरतपुर गांव की प्रधान नीलम देवी ने आईआईटी कानपुर की तकनीकी सहायता से जैविक खाद उत्पादन और कचरा प्रबंधन के माध्यम से वित्त वर्ष 2024-25 में 21.07 लाख रुपये का अपना राजस्व जुटाने की जानकारी दी। पंचायत को प्रोत्साहन योजना के तहत 25.38 लाख रुपये का अनुदान भी मिला। हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा श्री शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन राकेश जैन झिरकिया ने बताया कि मध्य प्रदेश के बड़वानी जिले की ग्राम पंचायत टेमला के सरपंच मुकेश चौहान ने ग्राम सभाओं में जनभागीदारी, श्रमदान से जल संरक्षण तथा स्टॉप डैम और चेक डैम निर्माण के अनुभव साझा किए। वहीं हरियाणा के पलवल जिले की महाग्राम पंचायत भिदुकी की सरपंच शशि बाला ने महिला हेल्प ग्रुप के गठन और ग्रामीण विकास के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने वर्ष 2001 में गुजरात के भुज भूकंप के दौरान रेड क्रॉस के साथ राहत कार्यों में योगदान दिया था, जिसके लिए उन्हें राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया था।

आर्बिटल रेल कारिडोर की निर्माणाधीन टनल में छठी बार धंसी जमीन

200 फुट रास्ता और 400 फुट जमीन धंसने पर घरों तक पहुंचा खतरा-घर छोड़कर जान बचाने भागे लोग

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना हलका के गांव सहसोला-पाटूका क्षेत्र में हरियाणा आर्बिटल रेल कारिडोर की निर्माणाधीन टनल एक बार फिर धंस गई है। केएमपी के साथ बन रही इस टनल के छठी बार धंसने से किसान दहशत में है। गनीमत यह रही कि इस बार भी कोई बड़ा हादसा होने से बच गया और कोई जन हानि नही हुई लेकिन एक महीने के अंदर चौथी बार टनल धंसने से किसानों में भारी गुस्सा और दहशत का माहौल है। किसानों ने बताया कि यह निर्माणाधीन रेल टनल छठी बार धसी है। 200 फुट रास्ता और 400 फुट से अधिक जमीन धसने से मकानों में बड़ी दरारे आ गई है। ऐसे में जान बचाने के लिए लोग अपने मकानों को ताला लगाकर भाग खडे हुए और सर्दी के इस मौसम में खुले में रात बिताने को मजबूर है तो हरियाणा रेल कारपोरेशन निर्देशक राजीव निरंजन ने बताया कि जमीन लगातार धस रही है। इसकी तकनीकी जांच करवाई जा रही है। प्रभावित किसानों के मकानों और जमीन की पार्किंग लगभग पूरी हो चुकी है तथा जमीन अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होने बताया कि फिलहाल टनल निर्माण का काम रोक दिया गया है। विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट और नए डिजाईन के आधार पर आगे की योजना बनाई जाएगी। ग्रामीण अली मोहम्मद, सददाम, मुबीन, ताहिर और जकरिया ने आरोप लगाया कि प्रशासन उन्हे कोई ठोस आश्वासन नही दे रहा है। जमीन अधिग्रहण और मुआवजे की प्रक्रिया भी बहुत धीमी चल रही है। किसानों का कहना है कि फसल नुकसान के लिए घोषित 4.22 लाख से अधिक की राशि भी अभी तक किसानों के खातों में नही पहुंची है। सुबह अचानक टनल का एक बड़ा हिस्सा धंस गया। जिससे निर्माणाधीन टनल ग्रामीणों के लिए मुसीबत बनती जा रही है। छठी बार जमीन धंसने से अब ग्रामीणों के मकानों में भी दरारे आने लगी है। इस बार टनल के ऊपर का कुछ हिस्सा धंसने से जहां गांव में दहशत का माहौल बन गया है और मकानों व जान-माल का कभी भी कोई बड़ा नुकसान हो सकता है, वही गेल कम्पनी की गैस पाइपलाइन भी तीसरी बार मुडक़र सतह पर दिखाई देने के बाद सामने आई है। लगातार हो रही इन घटनाओं के बीच किसानों ने टनल निर्माण कम्पनी पर लापरवाही और प्रशासन पर मामले को गंभीरता से लेने की बजाय लीपापोती का आरोप लगाया है। किसानों ने बताया कि टनल धंसने का यह सिलसिला पांच अक्टूबर को शुरू हुआ। उसके बाद दस अक्टूबर को टनल धंसी थी। उस वक्त गेल की पाइपलाइन को नुकसान हुआ था और अब तीसरी बार हरियाणा दिवस वाले



दिन पहली नवम्बर को यह टनल फिर धंस गई जबकि चौथी बार टनल 4 नवम्बर को सुबह के वक्त फिर से धंस गई। गुजरात के जामनगर से दिल्ली एनसीआर तक गैस आपूर्ति करने वाली गेल कम्पनी की पाइपलाइन भी निर्माणाधीन टनल के धंसने पर जमीन से बाहर आ गई। इससे इलाके में बड़े हादसे का खतरा पैदा हो गया है। वही टनल धंसते ही किसानों में अफरा-तफरी मच गई। किसानों का कहना है कि प्रशासन केवल बेरिकेट लगाकर खानापूर्ति कर रहा है जबकि उनकी फसलें व जमीन बर्बाद हो रही है। वही वरिष्ठ एचसीएस अधिकारी व इलाका एसडीएम जितेन्द्र कुमार गर्ग का कहना है कि छठी बार टनल धंसने वाला मामला उनके संज्ञान में आया है। मामले की जांच के लिए गठित की गई कमेटी दोबारा से घटनास्थल का मौका-मुआयना कर जांच को आगे बढ़ाते के लिए कानून सम्मत कार्रवाई अमल में लाएगी। किसान बता रहे है कि इससे पहले करीब 20 मीटर दायरे में अचानक मिटटी धंसने से जमीन भी धंस गई। अहम बात यह है कि उस वक्त निर्माणाधीन टनल के ऊपर खेत-खलिहानों में बड़ा व गहरा गढढा बन गया। हादसे को देख ग्रामीण खौफजदा हो गए। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई भी प्राण हानि होने से बाल-बाल बच गई। ग्रामीणों ने बताया कि हादसा स्थल पर उस वक्त कुछ देर पहले ही ट्रैक्टर-ट्राली निकली थी। हादसे की जानकारी मिलने के करीब बारह घंटे बाद टनल का निर्माण कर रही निर्वाण निर्माण कम्पनी के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। तब मौजूद ग्रामीणों और अधिकारियों के बीच सुरक्षा मानकों की बरती जा रही अनदेखी को लेकर आपस में जमकर गर्मागर्मी होने पर ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों का कहना रहा कि इतनी बड़ी परियोजना के निर्माण के बावजूद मौके पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नही किए गए है। सुरक्षा मानकों की अनदेखी बरती जा रही है। ऐसे हालातों में कभी भी, कोई भी बड़ा और भयानक हादसा हो सकता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि टनल निर्माण कार्य के दौरान मिटटी को रोकने के लिए पर्याप्त स्पोर्ट सिस्टम, सुरक्षा उपकरण, चेतावनी बोर्ड तक नही लगाए गए है। ग्रामीणों का यह भी कहना रहा कि क्षेत्र में दिन-रात ब्लास्टिंग की जाती है लेकिन इसकी पूर्व सूचना आसपास क्षेत्र में रहने वाले लोगों को कई बार नही दी जाती। जिससे खेतों में काम करने वाले किसानों और ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर बड़ा खतरा बन गया है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जमीन धंसने के बाद बना गहरा गढढा बच्चों, पशुओं और वन्य जीवों के लिए खतरे से कम नही है। ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी टनल निर्माण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में खामियों को लेकर वक्त-वक्त पर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया गया लेकिन इस तरफ कभी भी गंभीरता से ध्यान ना देने की वजह नतीजा वही ढाक के तीन पात रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि यह टनल सोहना हलका में गांव सहसोला, घुसपैठी, पाटूका, किरूरी और धुलावट समेत अरावली पहाड़ी क्षेत्र से होकर बनाई जा रही है। जमीन धंसने की जानकारी मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंच गई लेकिन निर्माण कम्पनी के अधिकारियों ने इतनी लापरवाही दिखाई कि वह बारह घंटे बाद ही मौके पर पहुंचे। कम्पनी के अधिकारियों की कार्यप्रणाली को लेकर भी ग्रामीणों में रोष नजर आ रहा है। ग्रामीण बता रहे है कि जमीन अधिग्रहण के मुआवजे को लेकर भी विवाद न्यायालय में लंबित है तो वही उस वक्त घटनास्थल पर पहुंचे रेलवे और निर्माण कम्पनी के अधिकारियों ने ग्रामीणों को बताया कि धंसा हुआ हिस्सा टनल के साईड का क्षेत्र है। इस हिस्से केअचानक धंसने को बड़ी चूक बताते हुए उन्होने कहा कि इसकी तकनीकी जांच कराई जाए और धंसी जगह की भरपाई कराने के साथ-साथ वहां चेतावनी बोर्ड और बेरिकेट लगाने का आश्वासन भी उन्होने ग्रामीणों को दिया है। गुस्साए ग्रामीणों का कहना है जब तक टनल निर्माण स्थल पर निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नही किए जाते, तब तक कम्पनी को किसी भी कीमत पर काम हर्गिज नही करने दिया जाएगा। ध्यान देने वाली बात यह है कि हरियाणा आर्बिटल रेल कारिडोर परियोजना के तहत करीब 4.69 किलोमीटर लम्बी टनल बनाई जा रही है। इसमें करीब 1.1 किलोमीटर हिस्सा अरावली पर्वत की श्रंखलाओं वाली हजारों वर्ष पुरानी चटटानों को काटकर और करीब 3.6 किलोमीटर लम्बा हिस्सा मिटटी की खुदाई कर डबल ट्रैक टनल के रूप में तैयार किया जा रहा है।

